आज की खबर आज ही

सावन शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 213 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 23 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


# गाजियाबाद की कोठी में 'अवैध दूतावास'

## फर्जी एम्बेसडर गिरफ्तार, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ मॉर्फ फोटो बरामद







**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने गाजियाबाद में चल रहे अवैध दूतावास का भंडाफोड़ किया है। यूपीएसटीएफ के इस खुलासे ने खुफिया एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। अवैध रूप से दूतावास चलाने वाले आरोपी के पास से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ मॉफ फोटोज के साथ विदेशी पासपोर्ट, विदेशी करंसी तथा विदेश मंत्रालय की मोहरें बरामद हुई हैं। बताया जाता है कि अवैध रूप से दूतावास चला रहे आरोपी के पास से 2011 में सैटेलाइट फोन भी बरामद हुआ था उसके संबंध तांत्रिक चन्द्रास्वामी व आर्म्स डीलर अदनान खगोशी से भी बताए जाते थे।

यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने गाजियाबाद में चल रहे अवैध दूतावास का भंडाफोड़ किया है। कविनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने इस अवैध दूतावास का खुलासा किया है। पुलिस ने यहां से हर्ष वर्धन जैन पुत्र जे डी जैन निवासी केबी 45 कविनगर गाजियाबाद को (शेष पृष्ठ-3 पर)



# अबके सावन ऐसे बरसे...

# पानी-पानी हुआ शहर ...





**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-एनसीआर में सुबह से शुरू हुई तेज बारिश का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा और झमाझम बारिश में पूरा शहर पानी-पानी हो गया। सड़कों पर पानी का सैलाब हर जगह नजर आ रहा है। बारिश के चलते नोएडा के विभिन्न इलाकों में पानी भरने से सड़कों पर लंबा जाम लग गया। जिसके कारण सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारे लग गयी और वाहन रेंगते नजर आ रहे थे। कई जगह सीवर ओवरफ्लो होने के कारण भी पानी भर गया।



सेक्टर-12 में एफ ब्लॉक समेत कई ब्लाकों पर जल भराव होने के कारण मार्केट के अंदर पानी घुस गया तथा दुकान में पानी घुस गया है।

नोएडा-एनसीआर में आज सुबह से तेज बारिश हो रही है। नोएडा के सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन, दादरी रोड, सेक्टर-27, महामाया पुल के नीचे और बॉटिकनल गॉर्डन की ओर जाने वाली सडकों की तस्वीरे बता रही है कि बारिश कितनी तेज थी। कई स्कूल के मैदान और मेन गेट पर घुटनों भर पानी जमा हुआ है। (शेष पृष्ठ-3 पर)





महाशिव रात्रि के पावन पर्व पर सेक्टर-12 स्थित सिद्धपीठ कलरिया बाबा मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा लंगर भी लगाया गया।

## मूसलाधार बारिश में सड़क पर उतरे नोएडा के सीईओ



### शहर में जल भराव के स्थानों का किया निरीक्षण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने आज मातहत अधिकारियों के साथ नोएडा के कई सेक्टरों का दौरा किया तथा जल भराव की स्थिति का निरीक्षण किया। कई स्थानों पर जल भराव पाए जाने पर उन्होंने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा तुरंत जल निकासी करने के निर्देश दिए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# स्नैचिंग में कुख्यात बदमाश मुठभेड़ में घायल

## दोनों पर हैं एक दर्जन से ज्यादा मुकदमें



**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्नैचिंग और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर बदमाशों के साथ थाना सेक्टर-113 पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस, स्नैचिंग की गई सोने की चेन व फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए दोनों बदमाशों पर एक एक दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है।

एडीसीपी ने बताया कि थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर युवक बाइक मोड कर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने बाइक सवारों का पीछा किया। पुलिस को पीछे आता देख हड़बड़ी में युवकों की बाइक स्लिप होकर गिर गई। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों गोली लगने से घायल हो गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# एक्सप्रेस-वे के नीचे ऑटो पलटा, चालक की मौत

## बाइक में टक्कर मारी, युवक मरा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के नीचे ऑटो पलटने से चालक की मौत हो गई। वहीं एक अन्य सड़क दुर्घटना में बाइक सवार ने भी दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना दादरी क्षेत्र के ईस्टर्न पेरिफेरल के नीचे सिकंदराबाद दादरी कट के पास तेज गति में आ रहे अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अचानक कट मारने से ई रिक्शा चालक संतुलन खो बैठा और रिक्शा पलट गया। इस हादसे में रिक्शा चालक सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस व सुमित के परिजनों ने उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान सुमित की मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के भाई मनोज ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। न्यू अशोक नगर वसुंधरा एनक्लेव दिल्ली निवासी मोहम्मद मुस्ताक ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नामी यूनिवर्सिटी के अस्थमा से पीड़ित छात्र को पीटा, वीडियो भी बनाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर की नामी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले बीएससी सेकंड ईयर के छात्र के साथ तीन युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने मारपीट के दौरान उसकी वीडियो भी बनाई। अस्थमा के पेशेंट छात्र की हालत बिगड़ने पर आरोपी युवक उसे अस्पताल के बाहर फेंक कर फरार हो गए। पीड़ित छात्र ने थाना सेक्टर-126 में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

रोहिणी दिल्ली निवासी हनी माथुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह शहर की नामी यूनिवर्सिटी में बीएससी सेकंड ईयर का छात्र है। 22 जुलाई को वह अपने दोस्त मनीत के साथ यूनिवर्सिटी के गेट के बाहर अपनी कार में बैठा हुआ था। इस दौरान आर्यन मावी, विशेष व कृष तंवर अपनी कार से पहुंचे। तीनों युवकों ने उसे गाड़ी से बाहर खींच लिया और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान तीनों ने उसे जबरन अपनी वर्ना कार में डाल लिया। कार में भी तीनों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों में से एक युवक उसकी वीडियो बनाता रहा। हनी माथुर के मुताबिक वह अस्थमा का पेशेंट है। मारपीट की वजह से उसकी सांस फूलने लगी और हालात बिगड़ गई। उसकी हालत को देखकर तीनों आरोपी उसे एक अस्पताल के बाहर फेंक गए। इस दौरान आरोपियों ने उसे धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो इसका अंजाम बुरा होगा। इसके बाद आरोपियों ने उसके दोस्त मनीत को फोन कर बताया कि उन्होंने हनी को अस्पताल के बाहर फेंक दिया है।



# दो घरों में चोरों ने लगाई सेंध

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पुलिस की तमाम मुस्तैदी के बाद भी चोरी की घटनाएं नहीं रुक पा रही हैं। चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर चोरी की दो वारदातों को अंजाम देकर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया।

आमका रोड धूम मानिकपुर की डिफेंस कॉलोनी में रहने वाले विशाल कुमार सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 15 जून की सुबह चोरों ने उनके घर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर उनके घर से एक लैपटॉप, दो सोने के लॉकेट, एक सोने का ढोलना व 30 हजार रुपए चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के डिफेंस अंपायर कॉलोनी तिलपता करनवास में रहने वाले कुंदन सिंह ने अपने घर में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुंदन सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते 24 जून को वह घर पर ताला लगाकर परिजनों के साथ बाहर गया हुआ था। इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर का ताला तोड़कर सोने की चेन, लॉकेट, अंगूठी, चांदी की तीन पायल, दो जोड़ी बिछिया, कान की बाली, टॉप्स, नाक की बाली और 80 हजार रुपए चोरी कर लिए। कुंदन सिंह के मुताबिक उसके घर में सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ था। चोर उसकी डीवीआर को भी चोरी कर अपने साथ ले गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।



# शिवरात्रि पर अलर्ट मोड पर रही पुलिस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में शिवरात्रि को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में रही। नोएडा जोन के डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न मंदिरों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद द्वारा पुलिस बल के साथ नोएडा जोन क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख मंदिरों पर भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। डीसीपी ने मंदिरों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात की स्थिति तथा पुलिस बल की ड्यूटी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंदिर परिसरों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। अतः किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा न हो। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सुरक्षा दृष्टिकोण से हर संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने को कहा।



डीसीपी ने क्षेत्र में सक्रिय सभी पीसीआर एवं पीआरवी वाहनों को निरंतर भ्रमणशील रहते हुए संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने एवं समुचित पुलिस उपस्थिति बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# झपट्टा मारकर छीना मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने थाना सेक्टर-20 में बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में सेक्टर 8 निवासी अजीत कुमार ने बताया कि वह 25 जून को सेक्टर-6 पार्क से फोन पर बात करते हुए अपने घर की तरफ आ रहा था। रास्ते में पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। उसने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे। पुलिस का कहना है कि बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

## मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया। यह सत्र 21 अगस्त तक चलेगा और इस दौरान 21 बैठकें तय की गई हैं। सरकार ने 17 विधेयक पेश और पारित करने हैं। हालांकि उनमें से कोई भी विवादास्पद नहीं लगता। क्या संसद का मानसून सत्र सुचारू रूप से चल पाएगा, बहस और विमर्श के जो मुद्दे और विषय हैं, क्या उन पर हंगामा नहीं होगा? संसद की कार्यवाही बाधित नहीं होगी और बार-बार सदन स्थगित करने की नौबत नहीं आएगी? ये कुछ अहम सवाल हैं, जो संसद के प्रत्येक सत्र से पहले उठाए जाते रहे हैं। दरअसल ये सवाल अनिवार्य हो गए हैं, क्योंकि यह परंपरा बन चुकी है कि संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने हंगामा, नारेबाजी, पोस्टरबाजी करनी ही है। इस संदर्भ में आज का विपक्ष अरुण जेतली और सुषमा स्वराज के पुराने बयानों को दोहराता रहता है। आज दोनों नेता दिवंगत हैं, लेकिन बयान देने के वक्त वे प्रतिपक्ष के नेता थे। सदन में लगातार हंगामा कर, कई-कई दिनों तक, कार्यवाही को बाधित करना हम 'लोकतंत्र' नहीं मानते। हालांकि विरोध करने का, स्वतंत्र अभिव्यक्ति का, संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिया है, लेकिन संसद के भीतर उसकी गलत व्याख्या की जाती रही है। सदन में हुड़दंग मचाना, अध्यक्ष के आसन तक आकर नारेबाजी करना, नियमों की किताब फाड़ देना, मेजों पर चढ़ कर नृत्य की मुद्राएं बनाना कमोबेश किसी संसदीय लोकतंत्र के प्रतीक-चिह्न नहीं हैं। संसद में विरोध जताने के निश्चित नियम हैं अथवा सांसद 'व्यवस्था का सवाल' उठा कर हस्तक्षेप कर सकते हैं, लेकिन बीते अतीत में भाजपा ने कई-कई दिनों तक संसद की कार्यवाही चलने नहीं दी थी, लिहाजा आज का विपक्ष भी प्रतिरोध जताते हुए वैसा ही करेगा, यह तो भारत के सर्वोच्च, गरिमापूर्ण मंदिर की कोई संसदीय विरासत नहीं होनी चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा, विविध और सफल लोकतंत्र है, लिहाजा उसका गौरव और उसकी मर्यादा भी हमारे निर्वाचित सांसदों के हाथों में ही है। हमें यकीन है कि हमारे प्रतिपक्षी सांसद इन शब्दों को पढ़ कर सचेत और जागृत नहीं होंगे, क्योंकि हमारी राजनीति की बुनियाद और संचालन दकियानूसी और आलाकमानी है। इस बार भी कई मुद्दों पर विपक्ष के ढेरों सवाल हैं। सबसे अहम है-ऑपरेशन सिंदूर। पहलगाम नरसंहार, खुफिया तंत्र की नाकामी, गायब सुरक्षा-व्यवस्था, नतीजतन पाकिस्तान के साथ करीब 90 घंटे का युद्धनुमा संघर्ष, अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का संघर्ष-विराम कराने का बार-बार दावा आदि सवाल 'ऑपरेशन सिंदूर' से ही नत्थी हैं। भारत की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के '4-5 लड़ाकू विमान गिराए जाने' वाला बयान भी हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और सैन्य तैयारियों से जुड़ा है। विपक्ष इन सवालों पर संसद में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य का आग्रह करता रहा है। प्रधानमंत्री 23-24 जुलाई को ब्रिटेन और 25-26 जुलाई को मालदीव के प्रवास पर हैं। हालांकि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष को आश्वस्त करने की कोशिश की है कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा करने और उसका माकूल जवाब देने को तैयार है। प्रधानमंत्री 27 जुलाई के बाद ही संसद में बयान दे सकेंगे, यदि वह चाहेंगे। हालांकि 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े मुद्दों पर हमारी सेना का शीर्ष नेतृत्व और विदेश मंत्रालय कई बार स्पष्टीकरण दे चुके हैं, लेकिन विपक्ष के सवाल और संदेह यथावत हैं। वे प्रधानमंत्री का जवाब सुनना चाहते हैं। इसमें कुछ गलत भी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री संसद के प्रति जवाबदेह हैं। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा 'विशेष गहन पुनरीक्षण' के अभियान पर भी विपक्ष सशंकित है कि लाखों लोग मताधिकार से वंचित किए जा सकते हैं। यह घोर असंवैधानिक होगा। बेहद अहम सवाल है कि देश के करीब 44 लाख करोड़ रुपए सरकार आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड के जरिए लोगों में बांटती है और चुनाव आयोग उसे वैध दस्तावेज मानने को तैयार नहीं। आखिर कौन है चुनाव आयोग? क्या वह देश की संवैधानिक व्यवस्थाओं से भी ऊपर है? कई और मुद्दे हैं, जिन पर विपक्ष सवालों की मूसलाधार करने के मूड में है। संसद की कार्यवाही का दायित्व दोनों पक्षों पर है। अकेली सरकार भी सदन नहीं चला सकती। सांसद इस बिंदु पर भी सोचें कि पहली लोकसभा के दौरान साल में 135 दिन तक संसद की कार्यवाही चलती थी, लेकिन अब सिकुड़ कर औसतन 55 दिन रह गई है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जब ब्रह्माजी ने वह ( भगवान के प्रकट होने का ) अवसर जाना तब ( उनके समेत ) सारे देवता विमान सजा-सजाकर चले। निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया। गंधर्वों के दल गुणों का गान करने लगे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बरषहिं सुमन सुअंजुलि साजी। गहगहि गगन दुंदुभी बाजी॥**
**अस्तुति करहिं नाग मुनि देवा। बहुबिधि लावहिं निज निज सेवा॥**

और सुंदर अंजलियों में सजा-सजाकर पुष्प बरसाने लगे। आकाश में घमाघम नगाड़े बजने लगे। नाग, मुनि और देवता स्तुति करने लगे और बहुत प्रकार से अपनी-अपनी सेवा (उपहार) भेंट करने लगे॥

**दो0- सुर समूह बिनती करि पहुँचे निज निज धाम।**
**जगनिवास प्रभु प्रगटे अखिल लोक बिश्राम॥**

देवताओं के समूह विनती करके अपने-अपने लोक में जा पहुँचे। समस्त लोकों को शांति देने वाले, जगदाधार प्रभु प्रकट हुए॥

**भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी।**
**हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥**
**लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा निज आयुध भुजचारी।**
**भूषन बनमाला नयन बिसाला सोभासिंधु खरारी॥**

दीनों पर दया करने वाले, कौसल्याजी के हितकारी कृपालु प्रभु प्रकट हुए। मुनियों के मन को हरने वाले उनके अद्भुत रूप का विचार करके माता हर्ष से भर गई। नेत्रों को आनंद देने वाला मेघ के समान श्याम शरीर था, चारों भुजाओं में अपने (खास) आयुध (धारण किए हुए) थे, (दिव्य) आभूषण और वनमाला पहने थे, बड़े-बड़े नेत्र थे। इस प्रकार शोभा के समुद्र तथा खर राक्षस को मारने वाले भगवान प्रकट हुए॥ (क्रमशः...)

# भारत की सबसे घातक मिसाइल तैयार



**हम आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियारों को आधुनिक युद्ध का 'गेम चेंजर' कहा जाता है। अमेरिका, रूस और चीन इस तकनीक में अग्रणी हैं। रूस ने 2022 में यूक्रेन युद्ध में 'किंझाल' मिसाइल का उपयोग कर इस क्षमता का प्रदर्शन किया था।**

भारत ने हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण कर अमेरिका, रूस और चीन जैसी वैश्विक शक्तियों वाले हाइपरसोनिक क्लब में प्रवेश हासिल कर लिया है। हम आपको बता दें कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) के माध्यम से मिसाइल तकनीक के क्षेत्र में भारत ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। (DRDO) ने 'एक्सटेंडेड ट्राजेक्टरी लॉन्ग ड्यूरेशन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल (ET-LDHCM)' नामक देश की सबसे उन्नत मिसाइल प्रणाली विकसित की है। यह न केवल भारत की वर्तमान मिसाइल प्रणाली जैसे ब्रह्मोस, अग्नि-5 और आकाश को पीछे छोड़ती है, बल्कि आधुनिक युद्ध की परिभाषा ही बदल सकती है।

हम आपको बता दें कि ET-LDHCM को ((DRDO) के गोपनीय प्रोजेक्ट 'विष्णु' के तहत विकसित किया गया है। यह मिसाइल Mach 8 (आवाज की गति से आठ गुना अधिक) की रफ्तार से उड़ सकती है और 1,500 किलोमीटर तक सटीक वार करने में सक्षम है। यह ब्रह्मोस के मुकाबले तीन गुना अधिक दूरी और तीन गुना अधिक रफ्तार वाली प्रणाली है। इसकी मुख्य विशेषताओं की बात करें तो आपको बता दें कि पारंपरिक इंजनों के विपरीत यह इंजन वायुमंडलीय ऑक्सीजन का उपयोग करता है, जिससे यह लंबी दूरी तक लगातार हाइपरसोनिक गति बनाए रख सकता है। यह 1,000 से 2,000 किलोग्राम तक के पारंपरिक या परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। साथ ही यह रडार से बचने और दुश्मन की रक्षा प्रणाली को भेदने में सहायक है। इसे भूमि, समुद्र और वायु तीनों स्थानों से दागा जा सकता है। इसके टारगेट्स की बात करें तो आपको बता दें कि दुश्मन के कमांड सेंटर, रडार सिस्टम, नौसेना के बेड़े और भूमिगत बंकर को यह आसानी से निशाना बना सकता है। हम आपको बता दें कि eurasiantimes.com की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ET-LDHCM नामक जो मिसाइल बना रहा है उसकी सबसे खास बात उसका इंजन है जिसे स्क्रैमजेट कहते हैं। यह मिसाइल करीब 8 मैक यानी लगभग 11,000 किलोमीटर की रफ्तार से दुश्मन पर कहर बनकर टूटती है।

क्या होता है हाइपरसोनिक हथियार यदि इसकी बात करें तो आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियार वे होते हैं जो Mach 5 (आवाज की गति से पांच गुना अधिक) से तेज गति से उड़ सकते हैं। ये पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइलों से अलग होते हैं क्योंकि ये अपनी उड़ान के दौरान दिशा बदल सकते हैं, जिससे इन्हें पकड़ना और रोकना अत्यंत कठिन होता है। इसके मुख्य रूप से दो प्रकार होते हैं- हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल (HGV) और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल (HCM), ET-LDHCM इसी श्रेणी में आता है।

हम आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियारों को आधुनिक युद्ध का 'गेम चेंजर' कहा जाता है। अमेरिका, रूस और चीन इस तकनीक में अग्रणी हैं। रूस ने 2022 में यूक्रेन युद्ध में 'किंझाल' मिसाइल का उपयोग कर इस क्षमता का प्रदर्शन किया था। अमेरिका लॉकहीड मार्टिन के जरिए इस दिशा में कार्य कर रहा है। फ्रांस, जर्मनी, जापान, इजराइल और ऑस्ट्रेलिया भी इस दौड़ में शामिल हैं। यह बात भी काबिलेगौर है कि भारत का यह परीक्षण ऐसे समय हुआ है जब दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव अपने चरम पर है।

हम आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियारों के विकास में सबसे बड़ी चुनौती अत्यधिक गति के कारण उत्पन्न 2000 डिग्री सेल्सियस तक की गर्मी को सहने की होती है। इसके लिए (DRDO) ने हीट रेसिस्टेंट मटेरियल और कार्बन कॉम्पोजिट्स का प्रयोग किया है। दूसरी चुनौती रियल टाइम नेविगेशन और संचार की है, जिसे भारत ने स्वदेशी तकनीक से हल किया है।

Project Vishnu की जहां तक बात है तो आपको बता दें कि इसके तहत (DRDO) 12 अलग-अलग हाइपरसोनिक सिस्टम विकसित कर रहा है, जिनमें आक्रमणकारी मिसाइल और इंटरसेप्टर दोनों शामिल हैं। नवंबर 2024 में इस प्रोजेक्ट के तहत स्क्रैमजेट इंजन का पहला सफल परीक्षण हुआ था। ET-LDHCM इस प्रोजेक्ट की पहली बड़ी सफलता है। महत्वपूर्ण बात यह कि इस मिसाइल का पूरा निर्माण भारत में हुआ है और वह भी MSME और निजी रक्षा कंपनियों के सहयोग से। इससे न केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा विशेषज्ञों का आकलन है कि ET-LDHCM दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन बदलने में सक्षम है। यह चीन के इंडो-पैसिफिक प्रभुत्व और पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की क्षमता को और मजबूत करेगा। यह मिसाइल रूस के स्-500 या इजराइल के ढ्ढह्म्शठ्ठ ष्ठशद्बद्ग जैसी अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों को भी चुनौती दे सकती है। देखा जाये तो इस सफल परीक्षण ने भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे हाइपरसोनिक मिसाइल क्षमता वाले देशों की कतार में खड़ा कर दिया है। यह केवल एक मिसाइल नहीं बल्कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रभाव का प्रतीक है। भविष्य में इस तकनीक के आधार पर भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी बड़ी शक्ति बन सकता है।

हम आपको यह भी बता दें कि भारत के मिसाइल कार्यक्रम की शुरुआत का जब भी जिक्र होता है, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का नाम सबसे पहले स्मृति में आ जाता है। 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' के रूप में प्रसिद्ध डॉ. कलाम ने भारत को मिसाइल तकनीक में आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था, जिसमें बैलिस्टिक, क्रूज और भविष्य में हाइपरसोनिक तकनीक भी शामिल थी। आज जब भारत ने हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली में बड़ी उपलब्धि हासिल की है, तो यह केवल एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि अब्दुल कलाम के उसी सपने का विस्तार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस क्षेत्र को राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक सामरिक संतुलन के लिहाज से सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

हम आपको बता दें कि डॉ. कलाम का सपना था कि भारत अपने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने और तकनीक आधारित प्रतिरोधक क्षमता हमारे देश की नीति का अभिन्न हिस्सा हो। उन्होंने अग्नि और पृथ्वी जैसी मिसाइलों के ज़रिए भारत को सामरिक क्षमता दी, लेकिन उनके विजन में अगला कदम था— हाइपरसोनिक स्पीड, सटीकता और आधुनिक युद्धक्षमता वाली मिसाइलें। कलाम मानते थे कि अगली सदी के युद्ध सिर्फ हथियारों की संख्या से नहीं, रफ्तार, तकनीक और चुपकेपन से तय होंगे। इसलिए उन्होंने स्क्रैमजेट इंजन, हाइपरसोनिक फ्लाइट और उन्नत रडार-प्रूफ सिस्टम के अनुसंधान पर बल दिया था। वह कहते थे कि - **"Speed is power in future warfare, and India must never lag behind."** हम आपको बता दें कि छ्रक्रष्ठह्र में रहते हुए डॉ. कलाम ने इस दिशा में हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी डेमोंस्ट्रेटर व्हीकल (HSTDV) जैसे शुरुआती प्रयासों की नींव रखी थी।

प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता में क्यों है हाइपरसोनिक मिसाइल? यदि इसकी बात करें तो आपको बता दें कि आज भारत की सीमाएं सिर्फ पारंपरिक युद्ध के खतरे से नहीं, बल्कि चीन की आक्रामक नीति, पाकिस्तान के परमाणु ब्लैकमेल और इंडो-पैसिफिक में अमेरिका-चीन संघर्ष के बीच सामरिक दबाव में हैं। हाइपरसोनिक मिसाइलें भारत को %सिक्योर स्ट्राइक% और %रैपिड रिटैलिएशन% की क्षमता देती हैं— चाहे पाकिस्तान हो या दक्षिण चीन सागर।

इसके अलावा, भारत की न्यूनतम प्रतिरोधक नीति के तहत हाइपरसोनिक मिसाइलें उसकी सेकंड स्ट्राइक क्षमता को अजेय बनाती हैं। चीन के ष्ठस्न-17, रूस के Avangard और अमेरिका के LRHW के मुकाबले भारत का ET-LDHCM या HSTDV उसकी सामरिक विश्वसनीयता को बढ़ाते हैं। साथ ही मोदी सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि भारत रक्षा तकनीक में केवल उपभोक्ता न रहे, बल्कि वैश्विक रक्षा निर्यातक और इनोवेशन लीडर बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन में रक्षा उत्पादन अहम स्तंभ है। Project Vishnu, ET-LDHCM जैसी परियोजनाएँ भारत में न केवल तकनीक लाती हैं बल्कि MSME, निजी कंपनियों और DRDO के सहयोग से स्थानीय उद्योग और रोजगार को भी बढ़ावा देती हैं।

इसके अलावा, भारत अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया के साथ QUAD में है और चीन से प्रतिस्पर्धा में। हाइपरसोनिक तकनीक भारत को इस क्षेत्र में रणनीतिक ताकत का स्तंभ बनाती है, जिससे भारत का कूटनीतिक प्रभाव भी बढ़ेगा। हम आपको यह भी बता दें कि चीन के बढ़ते सैन्य उन्नयन और आक्रामक तेवर तथा रूस-अमेरिका के बीच हथियारों की होड़ से सीख लेते हुए नई राष्ट्रीय रक्षा नीति में 'प्री-एम्प्टिव टेक्नोलॉजी' की वकालत करते हुए रक्षा निर्यात को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, स्पेस, एंटी-सैटेलाइट और हाइपरसोनिक को साथ-साथ विकसित करने की रणनीति भी बनाई गयी है।

बहरहाल, भारत रत्न डॉ. अब्दुल कलाम ने जिस भविष्य की कल्पना की थी, मोदी सरकार उसे नीति, संसाधन और रणनीति के स्तर पर जमीन पर उतार रही है। हाइपरसोनिक मिसाइल भारत के लिए सिर्फ एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा, प्रतिष्ठा और भविष्य के लिए अनिवार्य अस्त्र बन चुकी है। DRDO, ISRO और निजी रक्षा उद्योग के सहयोग से भारत अब उस राह पर है, जहाँ आने वाले दशक में भारत अपनी तकनीक के दम पर न केवल सुरक्षित रहेगा, बल्कि विश्व मंच पर मजबूती से खड़ा भी रहेगा।

× नीरज कुमार दुबे

## राशिफल

श्रावण माह, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आय के नए स्त्रोत बनेंगे, पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। यात्रा का अत्यंत लाभकारी योग बनेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यापारिक सफलता मिलेगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम- संतान का साथ होगा

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। नतमस्तक हो जाएंगे। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
बच्चे आज्ञा का पालन करेंगे। प्रेम में नयापन रहेगा। कोई निर्णय ले पाएंगे। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। अपनों का साथ होगा। पराक्रम रंग लाएगा। स्वास्थ्य अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। सधी हुई जुबान का प्रयोग करें। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी का उत्तम योग बन रहा है। घर में कोई उत्सव संभव है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
ओजस्वी, तेजस्वी बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च की अधिकता रहेगी, यद्यपि शुभ कार्यों में खर्च होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

# प्राधिकरण अधिकारियों ने किया दौरा



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने सैक्टर-42 में हो रही बदबू व गंदगी की शिकायत का मौके पर पहुंचकर मुआयना किया।

वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी बीसी प्रधान ने बताया कि सैक्टर-42 के आसपास जंगल होने के कारण गंदगी का बुरा हाल है। प्राधिकरण के अधिकारियों को यह दिखाई नहीं देता जिससे सैक्टर 42 व आसपास के सैक्टर मे रहने वाले सभी निवासियों को बदबूदार हवा में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

बरसात के मौसम में तो ज़हरीले कीड़े मकोड़े और सांपों का खतरा बना रहता है जिसकी शिकायत ओएसडी इंदुप्रकाश सिंह से की जिन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर समस्या को ध्यान से सुना और देखा जैसे कि नाले का पानी सैक्टर के अंदर वापस जाना, रोड पर यूरिनल का बदहाल स्थिति में होना, रोड के पास रात को गंदगी व खुले जंगल में कूड़ा कचरा डालने के कारण बदबूदार हवा आना इत्यादि ओएसडी इंदुप्रकाश सिंह ने समस्या को अपने अधीनस्थ अधिकारियों को फटकार लगाई और तुरंत कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिया। इस दौरान हैल्थ इंस्पेक्टर अरुण कुमार झा, महेश तंवर, जोगेंद्र सिंह, इन्द्रजीत आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ियों का स्वागत कर गदगद हुए आयोजक





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मंगलवार को सैनी गांव में शिवभक्तों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख समाजसेवी सुखबीर सिंह आर्य ने युवाओं को शिवभक्ति की सच्ची भावना से जोड़ने वाला संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव एक योगेश्वर हैं, भक्ति के साथ संयम और सेवा उनके मूल आदर्श हैं। आज जो डीजे की तेज ध्वनि, नाच-गाना और भांग जैसे नशे इस पवित्र यात्रा से जुड़ते जा रहे हैं, वे हमारी संस्कृति के लिए घातक हैं। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे माता-पिता की सेवा करें, संयमित रहें और सामाजिक कार्यों में आगे आएं।

उन्होंने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि शिवजी महाराज ने कभी भी जीवन में प्रदर्शन नहीं किया, उन्होंने तप, ध्यान और त्याग से जीवन को धन्य बनाया। लंबे डीजे ले जाकर सड़क पर यातायात रोकना, नशाखोरी करना — यह सब गलत है। हमें भगवान शंकर के आदर्शों पर चलकर समाज में प्रेम, शांति और सेवा की भावना को बढ़ाना चाहिए।

# आर-पार की लड़ाई का होगा ऐलान : भाटी

## प्राधिकरण के खिलाफ महा पंचायत 30 को



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-142 स्थित शाहदरा गांव में आगामी 30 जुलाई को नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ महा पंचायत का आयोजन किया गया है। इस महापंचायत को सफल बनाने के लिए युवा समाजसेवी नवीन भाटी ने पूरे पश्चिम प्रदेश का दौरा कर किसानों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

बताते चलें कि शाहदरा गांव में स्थित नवीन भाटी की पुश्तैनी जमीन पर बने निर्माण को नोएडा प्राधिकरण ने कई माह पूर्व ध्वस्त कर दिया था। जबकि उस जमीन पर नवीन भाटी द्वारा स्थगन आदेश भी न्यायालय का दिखाया गया था। उसके बाद भी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने कोई बात नहीं मानी। इसके विरोध में नवीन भाटी ने घटनास्थल पर ही धरना शुरू कर दिया और वह धरना आज भी 1 साल के करीब से चल रहा है। 30 जुलाई को धरना स्थल पर ही महापंचायत का आयोजन किया गया है।


इस महापंचायत में हजारों की संख्या में लोगों को इकट्ठा होने की उम्मीद जताई गई है। महा पंचायत की सफलता को लेकर नवीन भाटी ने कल गाजियाबाद, पिलखुआ, डासना, बुलंदशहर सहित कई जिलों का दौरा किया। दौरा करने के बाद एक बातचीत के दौरान युवा समाजसेवी नवीन भाटी ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण की तानाशाही अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को कागजात दिखाने के बाद भी हमारे पुश्तैनी जमीन पर बने निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अब 30 जुलाई को आगे की रणनीति पर विचार कर आंदोलन के रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि महापंचायत में दर्जन भर से अधिक किसान संगठन के बड़े नेता शामिल होंगे।



नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-8 के वरिष्ठ प्रबंधक को गांव की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देते समाजसेवी सुभाष भाटी।

# एकलव्य की खोज कार्यक्रम का होगा आयोजन



**नोएडा (चेतना मंच)।** स्लम, कच्ची बस्ती और गांव के वंचित वर्ग के बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए नवरत्न फाउंडेशन द्वारा एकलव्य की खोज कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नृत्य, गायन एवं भाषण कला क्षेत्र में चयनित बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रतिभागी को सर्वोत्तम एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था द्वारा स्लम, कच्ची बस्ती एवं गांव के वंचित बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए प्रत्येक वर्ष एकलव्य की खोज कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत नृत्य,गायन एवं भाषण कला प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। इस बार एकलव्य की खोज कार्यक्रम 27 जुलाई को सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में आयोजित कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रख्यात समाजसेवी व सेक्टर-56 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी वयोवृद्ध (94 वर्षीय) ओपी गोयल होंगे। प्रतियोगिता के लिए संस्था द्वारा अलग-अलग स्थान पर 650 बच्चों का ऑडिशन लिया गया था। इनमें से 60 बच्चे सेकंड राउंड के लिए चयनित किए गए थे। चयनित किए गए बच्चों में से 21 बच्चे फाइनल के लिए सिलेक्ट किए गए।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि चयनित किए गए बच्चों में नृत्य में 11, भाषण में 5 तथा गायन में 5 बच्चे एकलव्य की खोज कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य है कि स्लम, कच्ची बस्ती एवं गांव के वंचित वर्ग के बच्चों को एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाए जिससे वह अपनी प्रतिभा को लोगों के सामने प्रदर्शित कर सकें। एकलव्य की खोज कार्यक्रम के तहत ऐसे ही बच्चों की प्रतिभाओं को समाज के सामने लाने का प्रयास है।

# घर से किशोर व किशोरी गायब



**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों से एक किशोर व किशोरी घर से बिना बताए चले गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-122 में रहने वाले मनोज कुमार ने अपने (14 वर्षीय) बेटे के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका 14 वर्षीय बेटा 17 जुलाई की शाम को घर से बिना बताए कहीं चला गया। उसने अपने बेटे की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

वहीं थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के ग्राम शाहपुर से एक 16 वर्षीय किशोरी घर से लापता हो गई। किशोरी की मां प्रेमा (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 25 जून की सुबह उनकी बेटी घर से बिना बताए चली गई थी। बेटी की तलाश करने पर उन्हें पता चला कि उसकी बेटी को गौरव, सविता व रानी ने मिलकर राजा नाम के लड़के के साथ भगा दिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि लापता किशोर और किशोरी की तलाश कर आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# गौतमबुद्धनगर में 5 सितंबर तक चलाया जाएगा एमएफडी अभियान

## डीएम ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन किए रवाना

**नोएडा (चेतना मंच)।** पशुपालन विभाग द्वारा संचालित 'एफएमडी अभियान' (Mission Foot and Mouth Disease मुंह-खुर पका रोग नियंत्रण अभियान) का शुभारंभ 23 जुलाई को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कैंप कार्यालय नोएडा से किया गया, यह अभियान 5 सितंबर तक चलेगा।

जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पशुपालकों को जागरूक करेगा। प्रचार वाहन के माध्यम से पशुपालकों को मुंह-खुर पका रोग के लक्षण, बचाव और टीकाकरण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह अभियान पशुओं की सेहत सुधारने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों की आमदनी बढ़े और पशुधन सुरक्षित रहे। इसके लिए समय पर टीकाकरण और जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस अभियान को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ भी समन्वय स्थापित किया जाए, और उनके द्वारा जो सुझाव दिए जाएं उनको भी अभियान में शामिल करते हुए अभियान का सफल क्रियान्वयन किया जाए।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने अभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुओं में पोषण स्तर को सुधारना, उन्हें संतुलित आहार उपलब्ध कराना एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना है। अभियान के दौरान प्रत्येक गांव में शिविरों का आयोजन कर पशु चिकित्सा, कृमिनाशक दवा वितरण, टीकाकरण, खनिज मिश्रण वितरण एवं संतुलित चारे की जानकारी दी जाएगी। पशुपालकों को पोषक आहार, साफ-सफाई एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एमएफडी अभियान में दूध उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक उपायों, गर्भावस्था पहचान, एवं बांझपन उपचार जैसे विषयों पर भी विशेष जानकारी दी जाएगी। प्रचार वाहन के माध्यम से ऑडियो-विजुअल माध्यमों से जनजागरूकता फैलाई जाएगी। इस अभियान में पशुपालन विभाग की समस्त इकाइयाँ, स्थानीय प्रशासन, और ग्राम पंचायतें सक्रिय रूप से भाग लेंगी। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की कि वे अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/स्टेशन के खंड में प्रीकास्ट ड्रेन आदि के निर्माण के माध्यम से दिल्ली यार्ड जल निकासी में सुधार। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹1,89,96,770.20 (रुपये एक करोड़ नवासी लाख छियानवे हजार सात सौ सत्तर और बीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹2,45,000/- (रुपये दो लाख पैंतालीस हज़ार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | ₹0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 15.08.2025 को 15:00 बजे तक |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध |
| 7 | आवंटन | 04-510-32 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/21-2025-26/W-3 दिनांक: 22.07.2025
2218/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दुकानों के अंदर घुसा पानी, सीईओ से शिकायत

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-12, एफ ब्लॉक मार्केट (शिमला मार्केट) के कॉरिडोर और दुकानों के अंदर पानी घुसने से दुकानदारों का काफी नुकसान हो गया है। डीडीआरडब्लूए के उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी से इसकी लिखित शिकायत की है।

उन्होंने शिकायत की कि हर वर्ष में मार्केट में व्यापारियों का लाखों का माल बरसात के पानी में भीग कर खराब हो जाता है जो इस दफा भी हो चुका है। आज 23 जुलाई 2025 को शिमला मार्केट की दुकानों में 5 से 6 इंच तक पानी भरा हुआ है। इसका कारण यह है कि नोएडा प्राधिकरण हेल्थ विभाग द्वारा मार्केट के चारों ओर बने नालों की सफाई नहीं करवाई गई है जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। आज से 20 वर्ष पहले जो समस्या थी आज 20 वर्षों बाद भी ज्यों की त्यों बनी हुई है।

नालों की सफाई न होने के चलते मार्केट का कॉरिडोर और दुकानों में भी पानी घुस गया है। यह सभी मार्केट नोएडा प्राधिकरण द्वारा बनवाकर व्यापारियों को बेचे गए थे। जैसे ब्रह्मपुत्र परिसर और गोदावरी परिसर में मार्केट प्राधिकरण द्वारा बनाकर व्यापारियों को बेची गई है।

उन्होंने सीईओ से मांग की है कि जैसे ब्रह्मपुत्र मार्केट और गंगा शॉपिंग कंपलेक्स मार्केट का नवीनीकरण और ब्यूटीफिकेशन हुआ है। इसी तर्ज पर नोएडा प्राधिकरण को मार्केट का सुंदरीकरण करने की आवश्यकता है ताकि व्यापारियों का लाखों का माल खराब होने से बच सके। नोएडा में व्यापार करने वाले व्यापारियों का मनोबल बढ़ सके। यहां आप किसी भी सूरत में भेदभाव नहीं कर सकते जो किया जा रहा है। वह सब गलत है। नियम सभी के लिए बराबर है यदि ब्रह्मपुत्र मार्केट का सुंदरीकरण हो सकता है तो सेक्टर-12 में बनी सभी मार्केट का सुंदरीकरण किया जाए।

# सुनील अवाना को बधाईयों का तांता



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने अट्टा निवासी सुनील अवाना को एनसीआर का अध्यक्ष मनोनीत किया है सुनील अवाना के एनसीआर अध्यक्ष बनने पर लोगों ने बधाई दी है सुनील अवाना ने एक बातचीत के दौरान कहा कि जो मुझे जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com


## पृष्ठ एक के शेष....

**गाजियाबाद की कोठी ...**

गिरफ्तार किया है। हर्षवर्धन किराए का मकान लेकर अवैध रूप से वेस्ट आर्कटिक दूतावास चला रहा था तथा अपने आप को West Arctica , Saborga, Poulvia ,Lodonia आदि देशों का कॉन्सुल/ एम्बेसडर बताता है और कई डिप्लोमेटिक नम्बर प्लेट लगी गाड़ियों से चलता है। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि हर्षवर्धन लोंगो को प्रभाव में लेने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और कई अन्य गणमान्य लोंगो के साथ अपनी मॉर्फ़ की हुई फोटो का भी प्रयोग करता है। इसका मुख्य काम कंपनियों और प्राइवेट व्यक्तियों को बाहर के देशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करना तथा शेल कंपनियों के माध्यम से हवाला रैकेट चलाना है।

हर्षवर्धन के पूर्व में चंद्रास्वामी और अदनान खगोशी ( इंटरनेशनल आर्म्स डीलर) से भी संपर्क में होना पता चला है। वर्ष-2011 में हर्षवर्धन से अवैध सैटेलाइट फ़ोन भी बरामद हुआ था जिसकी एफआईआर थाना कविनगर में दर्ज है।

यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट को अवैध दूतावास से डिप्लोमैटिक नम्बर प्लेट लगी चार गाड़ियाँ, माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट, विदेश मंत्रालय की मोहर लगी दस्तावेज, दो पैनकार्ड, विभिन्न देशों और कंपनियों की 34 मोहरें, 2 प्रेस कार्ड, 44,70 लाख रुपए नगद, कई देशों की विदेशी मुद्रा, कई कंपनियों आदि के दस्तावेज, 18 डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट बरामद हुई हैं।

**अबके सावन ऐसे...**

नोएडा में जल भराव के कारण कई जगह जाम सुबह से लगना शुरू हो गया था। महामाया से लेकर नोएडा के 14ए स्थित नोएडा गेट तक लम्बा लगा हुआ है। लोगों की अपनी- अपनी गाडियों में बैठकर जाम खुलने का इंतजार करते नजर आये। अपने-अपने ऑफिस पंहुचने की जल्दी में लोग घरों से निकले तेज बारिश के कारण फ्लाईओवर ब्रिज और मैट्रो के ट्रैक के नीचे खड़े होकर बारिश से बचते नजर आए।

सेक्टर-12 के कई ब्लॉकों में पानी भर गया। मार्केट में पानी भरने के कारण दुकानों में भी पानी घर गया।

**मूसलाधार बारिश में...**

आज सुबह से हुई मूसलाधार बारिश के दौरान कई जगह पर जल भराव की शिकायतें प्राप्त हुई। इसी के मद्देनजर सीईओ डॉ. लोकेश एम ने जल विभाग तथा जन स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं वर्क सर्किल प्रभारी के साथ नोएडा के सेक्टर-62, महामाया फ्लाईओवर समेत कई सेक्टरों तथा अंडरपास का निरीक्षण किया एवं जलभराव की स्थिति देखी। इस दौरान उन्होंने जल विभाग के अधिकारियों को तुरंत पंप लगाकर जल निकासी के कड़े निर्देश दिए। सीईओ के अचानक दौरे पर जाने के कारण विभिन्न विभागों के अवसरों के हाथ पैर फूल गए।

**स्नैचिंग में कुख्यात ...**

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान रविंद्र कसाना उर्फ बल्लू पुत्र मुकेश निवासी ग्राम जावली व पुनीत अरोड़ा पुत्र भगवान दास निवासी बुराड़ी दिल्ली के रूप में हुई। तलाशी में उनके पास से एक एक तमंचा, कारतूस सोने की चेन व फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई बाइक बरामद हुई। उन्होंने बताया कि पकड़े गए रविंद्र कसाना उर्फ बल्लू पर दिल्ली व जनपद गौतमबुद्धनगर में 15 तथा पुनीता अरोड़ा पर 13 मुकदमे पंजीकृत हैं। पकड़े गए दोनों बदमाशों ने बताया कि वह चोरी की बाइक पर सवार होकर चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देते हैं। उन्होंने चेन स्नेचिंग की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों ने थाना क्षेत्र में भी बीते दिनों चेन स्नेचिंग की वारदातें की थी।

**एक्सप्रेसवे के नीचे...**

थाना ईकोटेक 3 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका भाई मोहम्मद मुनाजिर उर्फ शाहिद रोड़ी डस्ट की सप्लाई का काम करता था। 21, 22 जुलाई की मध्य रात्रि को उसका भाई अपनी स्प्लेंडर बाइक से काम के सिलसिले में लखनावली गांव गया था। वापस आते समय सीआरपीएफ कैंप के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में मोहम्मद मुनाजिर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया था।

पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी वाहन चालकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

खास खबर

## रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को लेकर बैठक आज

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने घोषणा की है कि यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता का अगला चरण बुधवार को तुर्की में होने की संभावना है। यह बयान जेलेंस्की की वार्ता में तेजी लाने की नई अपील के बाद आया है। यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के प्रमुख के हवाले से बताया गया है कि वार्ता बुधवार को तुर्की में होगी। दरअसल जेलेंस्की की अपील पर उन्होंने पहले युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता में तेजी लाने का आह्वान किया था। इस बैठक में यूक्रेन का मुख्य एजेंडा युद्धबंदियों की वापसी, रूस द्वारा अपहरण किए गए बच्चों की वापसी और नेताओं की बैठक की तैयारी। वहीं क्रेमलिन ने कहा कि वे वार्ता की तारीख पर सहमति का इंतजार कर रहा है, लेकिन यह भी स्वीकार किया कि युद्ध को कैसे खत्म किया जाए, इस पर दोनों पक्ष एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जेलेंस्की की उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने की पिछली चुनौती को ठुकरा दिया है।

## झूठा रेप केस करके फंसी आईटी प्रोफेशनल

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में दुष्कर्म की झूठी शिकायत दर्ज कराने वाली 22 वर्षीय आईटी पेशेवर युवती पर अब खुद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में आरोपों को मनगढ़ंत पाए जाने के बाद उक्त युवती के खिलाफ असंज्ञेय अपराध दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। दरअसल 3 जुलाई को आईटी पेशेवर युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक डिलीवरी एजेंट 2 जुलाई की शाम उसके फ्लैट में जबरन घुस आया, स्प्रे छिड़ककर उसे बेहोश किया और फिर दुष्कर्म किया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके फोन से सेल्फी ली और उसे वायरल करने की धमकी दी। जांच के दौरान यह साफ हुआ कि डिलीवरी एजेंट दरअसल उक्त युवती का जानकार था और उसकी सहमति से ही फ्लैट में आया था। पुलिस ने जबरदस्ती, स्प्रे या दुष्कर्म की किसी भी बात की पुष्टि नहीं की और बताया कि मामला पूरी तरह झूठा था।

## रिश्वत मामले में चंदा कोचर दोषी करार

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर को 64 करोड़ रुपए रिश्वत मामले में दिल्ली की एक ट्रिब्यूनल ने दोषी करार दिया है। चंदा पर वीडियोकॉन ग्रुप को 300 करोड़ रुपए का लोन अप्रूव करने के एवज में यह रिश्वत लेने का आरोप था। ट्रिब्यूनल ने कहा कि कोचर ने बैंक में अपने पद का दुरुपयोग किया और डिसक्लोजर नॉर्म्स का उल्लंघन किया। मामले की जांच करते हुए ईडी ने उनपर यह आरोप लगाया था। मामले की शुरूआत 2016 में हुई थी। ट्रिब्यूनल ने पाया कि वीडियोकॉन को लोन मिल जाने के एक दिन बाद रिश्वत का पैसा वीडियोकॉन की एक यूनिट एसईपीएल के खाते से कोचर के पति दीपक कोचर की एक कंपनी नूपावर रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड को दी गई थी। ट्रब्यूनल ने कहा कि कागजों पर नूपावर रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड का स्वामित्व वीडियोकॉन के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत के पास दिखाया गया था, लेकिन इसका असल कंट्रोल दीपक कोचर के पास ही था। दीपक के मैनेजिंग डायरेक्टर भी थे। इसलिए अपीलकताओं के आरोप सही हैं।

# हिमाचल में भारी बारिश, 3 हाईवे, 398 रास्ते बंद, 5 की मौत

### ▸ टूटकर गिरने लगे भारी भरकम पहाड़



एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर से भारी बारिश का दौर शुरू हुआ है। हालात ये हैं कि यहां भारी-भरकम पहाड़ भी टूटकर गिरने लगे हैं। जिसकी वजह से 3 नेशनल हाईवे बंद हुए है तो 398 रास्तों पर मलबा बिखर गया और आवागमन ठप हो गया। इसके अलावा 36 घंटों में प्रदेश में बारिश और लैंडस्लाइड में छह लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा 682 बिजली ट्रांसफार्मर और 151 पेयजल योजनाएं हैं। इससे पहले, सोमवार को भारी बारिश के चलते शिलाई, कोटखाई और थुनाग में स्कूल और शैक्षणिक संस्थान बंद करने पड़े थे। उध?, मंगलवार के लिए 4 जिलों में ऑरेंज और 8 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने बताया कि ऊना, हमीरपुर, सोलन और बिलासपुर में ऑरेंज रहेगा। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को भी प्रदेश में मौसम खराब बना हुआ है। सोमवार रात को प्रदेशभर में रुक रुक कर बारिश होती रही। वहीं, कई जिलों में बत्ती गुल हो गई। मौसम विभाग ने बीते कल सोमवार को पांच जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया था। वहीं, अब मंगलवार को ऑरेंज अलर्ट रहेगा। मंडी ज़िले में लगातार हो रही बारिश के बीच मंगलवार को भी मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश की स्थिति को देखते हुए उपमंडल थुनाग, करसोग और निहरी तहसील के तहत आने वाले सभी शैक्षणिक संस्थान आज बंद रहेंगे। बताया जा रहा है कि रविवार रात से पूरे ज़िले में रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है, जिससे हालात बिगड़ते जा रहे हैं। चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-3) पर दवाड़ा के पास भूस्खलन के चलते मार्ग कल से पूरी तरह बंद है। मार्ग को बहाल करने में अभी और समय लग सकता है। इस मार्ग पर सैकड़ों वाहन और यात्री फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने और मार्ग खोलने के लिए प्रशासन और एनएचएआई की टीमें प्रयास कर रही हैं।

मंगलवार को कुल्लू जिले को जोड़ने वाले वेक्लपिक मार्ग कांडी -कटौला सड़क राहला-रोपा के पास 2-3 वाहनों के खराब होने से अवरुद्ध हो गई है और यह स्थान बजौरा से मंडी की ओर करीब 8झ10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस कारण दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई है और मार्ग पर जाम की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन से मार्ग को जल्द खुलवाने की मांग की जा रही है। इसके अलावा, सोमवार को शिमला के रामपुर में लुहरी-सुन्नी मार्ग पर एक पिकअप वाहन पर अचानक भारी-भरकम चट्टानें गिर गईं, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दो लोग घायल हो गए। लुहरी के पास सड़क से ऊपर पहाड़ी से अचानक बड़े-बड़े बोल्डर टूटकर नीचे आ गिरे और पिकअप को चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयानक था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। रविवार शाम से लेकर मंगलवार सुबह तक प्रदेश में लैंडस्लाइड और डूबने की वजह से कुल छह लोगों की मौत हुई है। इसमें दो बच्चियां भी शामिल हैं। सबसे पहला मामला लाहौल स्पीति में रविवार शाम को पेश आया था, जिसमें नेपाली मूल की दो बेटियां दालंग मोड़ के समीप टैंट में रहती थी और पास में बने पानी के टैंक में नहाने उतरी। इस दौरान दोनों डूब गईं। इसी तरह चंबा के मैहला विकास खंड की पंचायत चड़ी के गांव सूताह में सोमवार सुबह चार बजे लैंडस्लाइड आया और कमरे में सोए हुए दंपति की मौत हो गई। राहुल और पल्लवी नाम के दंपति की चार पांच महीने पहले ही शादी हुई थी और महिला अपने पति के साथ मायके आई थी। उधर, सुंदरनगर में बुआ के घर से लौट रहा युवक हादसे का शिकार हो गया और ग्राम पंचायत कांगू के गांव देहवी में खड्ड पार करते समय 20 वर्षीय युवक की पानी के तेज बहाव में बहने से मौत हो गई है। रोहित कुमार (20) पुत्र मंगत राम निवासी गांव जंदरेहड़ू डाकघर बायला सोमवार सुबह देहवी के निकट जड़ोल खड्ड को पार कर रहा था।

# दो कारों की आमने-सामने हुई भिड़ंत, 5 लोगों की मौत





एजेंसी

**जयपुर।** बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में नेशनल हाईवे-11 पर पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। यहां दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में 5 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह दुर्घटना श्रीडूंगरगढ़-रतनगढ़ मार्ग पर हुई जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही श्रीडूंगरगढ़ थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए और वे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों को निकालने के लिए बचाव दल को कटर का इस्तेमाल कर कारों के दरवाजे काटने पड़े। इसके बाद क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को अलग किया गया। इस हृदय विदारक घटना ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और सुरक्षा उपायों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहाँ उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस भीषण हादसे के कारण मार्ग पर यातायात भी बाधित रहा, जिससे लंबा जाम लग गया। फिलहाल, पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर सड़क को साफ करा दिया है और मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जाँच शुरू कर दी है।

## पति की हत्या कर लाश को घर में दफनाया

**मुंबई।** मुंबई के नाला सोपारा में एक महिला सोनम और मुस्कान से खतरनाक निकली। उसने प्रेमी संग मिलकर अपने पति की हत्या करवा दी। इस दौरान महिला के सास ससुर और अन्य सदस्य घर से बाहर गए हुए थे। महिला ने पकड़े जाने की डर से लाश को ठिकाने लगाने के लिए घर में ही खुदाई करके अंदर दफना दिया। ऊपर से नए चमचमाते टाइल्स बिछवा दिए। हालांकि, 15 दिन बाद जब पीड़ित के परिजन घर पहुंचे, तो उन्हें बदले हुए टाइल्स देखकर शक हुआ। शक के आधार पर उन्होंने आरोपियों की मौजूदगी में खुदाई करवाई, जहां से मृतक की लाश बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। विजय और चमन की शादी को 10 साल हो गए थे।

## 65 लाख के बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### ▸ 14 लोग पहले ही पाए जा चुके हैं दोषी

एजेंसी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), बिसौली शाखा से जुड़े 65 लाख रुपये के बड़े बैंक घोटाले में मुख्य आरोपी संजय कुमार को बदायूं के कचहरी गेट के सामने से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार था और उसकी गिरफ्तारी के लिए ईओडब्ल्यू की टीम ने विशेष अभियान चलाया था। यह घोटाला 2009 से 2017 के बीच हुआ, जब बिजली विभाग के उपभोक्ताओं द्वारा जमा की गई रकम को बैंक के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलीभगत से बैंक सफाईकर्मी और उसके रिश्तेदारों के खातों में धोखे से ट्रांसफर कर लिया था। बाद में इस राशि को आपस में बांट लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, वर्ष 2020 में बिसौली थाने में धारा 406, 420, और 120बी क्ढउ के तहत त्र्क्षक्र दर्ज कराई गई थी। बाद में गृह विभाग ने इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी थी। ईओडब्ल्यू की जांच में कुल 14 लोग इस संगठित घोटाले में शामिल पाए गए, जिनमें से अधिकांश को दोषी करार दिया जा चुका है। ईओडब्ल्यू ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन शिकंजा के तहत अंजाम दिया है, जो आर्थिक अपराधों पर शिकंजा कसने के लिए चलाया जा रहा है।

## कोकराझार जिले के 12 परिषद क्षेत्रों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित

एजेंसी

**कोकराझार (असम)।** बोड़ोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) चुनाव के मद्देनजर आज कोकराझार जिले के 12 परिषद क्षेत्रों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित हुई। जिले में कुल मतदाता 7,00,610 हैं। परिषद क्षेत्रों में कुल पोलिंग स्टेशन 912। सितंबर माह में प्रस्तावित बीटीसी चुनाव के लिए कोकराझार जिले के कुल 12 परिषद क्षेत्रों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट मंगलवार को प्रकाशित की गई। कोकराझार जिला आयुक्त कार्यालय के सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कोकराझार के आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मासांदा एम पार्टिन ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को जारी किया। कुल मतदाताओं में 3,50,325 पुरुष और 3,50,280 महिला मतदाता शामिल हैं। जिला आयुक्त मासांदा एम पार्टिन ने आज प्रकाशित हुई इस ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के संबंध में बताया कि दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 5 अगस्त निर्धारित की गई है। दावा-आपत्ति के निपटान की अंतिम तिथि 11 अगस्त है, और अंतिम मतदाता सूची 13 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी। वहीं, पोलिंग स्टेशनों की अंतिम संख्या 18 अगस्त को घोषित की जाएगी।

## अहमदाबाद एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच को मंगलवार को यह धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ, जिसके बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। क्राइम ब्रांच के जॉइंट पुलिस कमिश्नर शरद सिंघल ने जानकारी दी कि मेल मिलते ही डॉग स्क्वॉड, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) और पुलिस बल ने एयरपोर्ट परिसर की गहन तलाशी शुरू कर दी है। अभी तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मौके पर फायर ब्रिगेड भी मौजूद है।

# जर्मनी में जन्म दर पिछले दो दशकों में सबसे न्यूनतम स्तर पर



एजेंसी

**बर्लिन।** जर्मनी जनसांख्यिकीय चुनौती का सामना कर रहा है, जो देश की सामाजिक संरचना से लेकर आर्थिक भविष्य तक को प्रभावित कर सकती है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2024 में जर्मनी की कुल प्रजनन दर 1.35 बच्चे प्रति महिला पर आ गई है, जो पिछले दो दशकों का सबसे न्यूनतम स्तर है। यह देश के आर्थिक और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर संकेत है। 2024 में कुल 6,77,117 बच्चों का जन्म हुआ, जो 2023 की तुलना में 15,872 कम हैं। इसमें 2 फीसदी की गिरावट आई है, हालांकि यह गिरावट 2022 और 2023 की तुलना में थोड़ी धीमी है, जब जन्म दर में क्रमशः 8फीसदी और 7फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। जन्म दर में यह गिरावट पूरे देश में समान नहीं है। पूर्वी जर्मनी का थुरिंगिया राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, जहां जन्म दर में 7फीसदी की गिरावट आई और यह घटकर 1.24 तक पहुंच गई। इसके विपरीत दक्षिण-पश्चिमी राज्य बाडेन-वुर्टेमबर्ग में यह गिरावट केवल 1फीसदी रही और जन्म दर 1.39 रही। यह अंतर जर्मनी के क्षेत्रीय सामाजिक और आर्थिक ढांचे की असमानताओं को उजागर करता है। 2024 में माताओं की औसत आयु 31.8 वर्ष और पिताओं की 34.7 वर्ष रही, जो 2021 से स्थिर बनी हुई है। पहली बार माता-पिता बनने वालों की औसत आयु भी बढ़कर क्रमशः 30.4 और 33.3 वर्ष हो गई है, जिससे यह साफ होता है कि युवा अब बच्चे पैदा करने में देरी कर रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक जन्म दर में गिरावट के पीछे महामारी, यूक्रेन युद्ध, महंगाई और जलवायु परिवर्तन जैसे कई जटिल कारण हैं, जिन्होंने लोगों के जीवन की प्राथमिकताओं को बदल दिया है। एक रिसर्च के मुताबिक पूर्वी जर्मनी में जन्म दर में 17.5फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई, जिसका कारण 27-36 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं की संख्या में कमी और बेहतर नौकरी की तलाश में पश्चिमी जर्मनी की ओर प्रवास बताया है।

# देश में शादीशुदा जोड़ों के बीच तेजी से बढ़ रहा मोटापा

### ▸ आईसीएमआर की एक स्टडी में खुलासा



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आजकल की भागदौड़ भरी जिदंगी में लोगों की लाइफस्टाइल तेजी से बदल रही है। खासकर शादीशुदा कपल्स के बीच खानपान की आदतें, लाइफस्टाइल और काम करने के तरीके एक जैसे होते जा रहे हैं। इसी पर आईसीएमआर की एक स्टडी में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। शोध में बताया गया है कि देश में हर चौथा शादीशुदा जोड़ा मोटापे से जूझ रहा है। यानी कि शोध में सामने आया हैं कि पति-पत्नी दोनों ही ओवरवेट या मोटापे के शिकार हैं। शोध के मुताबिक, कपल्स में एक साथ वजन बढ़ने का कारण है उनकी एक जैसी लाइफस्टाइल। जैसे एकसाथ बाहर खाना खाना, टीवी देखते हुए स्नैक्स खाना, कम चलना-फिरना और देर रात स्नैकिंग करना उनके रूटीन का हिस्सा बन चुकी हैं। ये चीजें मेट्रो शहरों में ज्यादा देखने को मिल रही हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की नई स्टडी के मुताबिक, इंडिया में शादीशुदा जोड़ों के बीच मोटापा तेजी से बढ़ रहा है। देश में हर चार में से एक शादीशुदा कपल्स (27.4 प्रतिशत) ऐसा है, जिसमें पति-पत्नी दोनों ही ओवरवेट या मोटे हैं। ये रिसर्च 2019-21 के दौरान 52,737 शादीशुदा जोड़ों के आंकड़ों पर आधारित है। इस पर आईसीएमआर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च ने स्टडी की है। इस स्टडी में एक नए शब्द का इस्तेमाल किया गया है। जिसका नाम स्पाउस कॉनकॉर्डेंस है। इसका सीधा मतलब है कि जब पति-पत्नी एक-दूसरे की लाइफस?टाइल और आदतों को अपनाते हुए साथ में ही मोटे हो जाते हैं। बता दें कि ये सब आदतें कपल्स के वजन पर सीधा असर डालती हैं। आईसीएमआर की टीम का कहना है कि शादी के बाद पार्टनर एक-दूसरे की आदतों को अपनाते हैं, चाहे खाने की हो या रूटीन की।

## गोवा में आएगा लव जिहाद पर कानून

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने उत्तर प्रदेश की तर्ज पर राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून लाने का ऐलान कर दिया है। उनका कहना है कि यह कानून लव जिहाद के मामलों पर अंकुश लगाएगा। सीएम सावंत ने विधानसभा में कहा कि गोवा में धर्मांतरण विरोधी कानून लाने का समय आ गया है, जैसा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार लेकर आई है। सीएम सांवत का दावा है कि यह कानून लव जिहाद के मामलों को रोकने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि गोवा में पहले भी लव जिहाद के मामले सामने आए थे और वे जल्द ही इसके आंकड़े जारी करुंगा। इसके मौके पर सीएम सांवत ने विरोधी दल कांग्रेस से इस कानून का समर्थन करने की अपील की।

# विकासपुरी पीवीआर कॉम्प्लेक्स में शराबियों का खुला उत्पात, दिल्ली पुलिस बेपरवाह



**विकासपुरी।** दिल्ली के विकासपुरी इलाके में स्थित पीवीआर कॉम्प्लेक्स के आसपास शराबियों का खुला उत्पात देखने को मिल रहा है, स्थानीय लोगों के अनुसार, यहाँ सुबह से शाम तक कुछ लोग खुले में शराब पीते हैं और हुड़दंग मचाते हैं, जिससे आसपास के ऑफिस वाले खासे परेशान है, मेला रेस्टोरेंट के सामने वाले पार्क में शराबियों का में मेन अड्डा है, इसके अलावा भी ठेके के आसपास एवं जितनी भी खाने-पीने की छोटी दुकानें इस परिसर में है उसके आसपास शराबी खुले में ना शराब पीते हैं बल्कि खुले में गाली गलौज भी करते हैं जिस से आसपास के ऑफिस में काम करने वाली लड़कियों दहशत में है, आसपास काम करने वाले कई लोगों ने बताया कि उन्हें लगता ही नहीं कि उनका ऑफिस हाई प्रोफाइल एरिया में है, हम पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया के जरिए जिला पुलिस को इसके बारे में अवगत करवा रहे हैं लेकिन पुलिस की तरफ से अभी कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिली है, अब देखना यह है कि पुलिस किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रही है या वक्त रहते इन शराबियों पर कोई अंकुश लग पाएगी यह तो आने वाले समय में की पता चल पाएगा।

# वाहन में बच्चे हैं और नियम तोड़ा तो दो गुना लगेगा जुर्माना



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** यातायात के नियमों को ठेंगा दिखाने वालों पर सरकार शिकंजा कसने जा रही है। इसके लिए सड़क परिवहन मंत्रालय एक नया नियम लाने जा रहा है, जिसके लिए प्रस्ताव रखा गया है। यह नियम उन लोगों के लिए है जो बच्चों के साथ गाड़ी चलाते हैं। अगर ऐसे लोग ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं, तो उन पर औरों से ज्यादा जुमार्ना लगेगा। सरकार ड्राइवरों के लिए एक मेरिट और डिमेरिट (पॉजिटिव और नेगेटिव) पॉइंट सिस्टम भी शुरू करेगी। मतलब ट्रैफिक नियमों का पालन करने वालों को इनाम और अनदेखी करने वालों को सजा मिलेगी। इस प्रस्ताव पर एक रोड सेफ्टी एक्सपर्ट का कहना है कि आज भी ट्रैफिक पुलिस सिर्फ कुछ ही अपराधों के लिए चालान काटती है, जैसे कि तेज गति, शराब पीकर गाड़ी चलाना, लाल बत्ती जंप करना, फोन का इस्तेमाल करना और सीट बेल्ट या हेलमेट न पहनना। जबकि मोटर व्हीकल एक्टमें 100 से ज्यादा अपराध शामिल हैं। नए नियम के तहत मेरिट और डिमेरिट पॉइंट सिस्टम में सरकार एक सीमा तय करेगी। अगर किसी ड्राइवर के नेगेटिव पॉइंट उस सीमा से ज्यादा हो जाते हैं, तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द भी हो सकता है। इसका मतलब है कि अगर आप बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं, तो आपका लाइसेंस रद्द हो सकता है। यह एक गंभीर सजा है। प्रस्तावित बदलावों में यह भी शामिल है कि अगर किसी ड्राइवर लाइसेंस शख्स ने ट्रैफिक नियम तोड़े हैं, तो उसे लाइसेंस रिन्यू कराने से पहले ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। यह नियम उन लोगों पर लागू होगा जिनके लाइसेंस की अवधि खत्म होने वाली है। इसका मतलब है कि अगर आपने पहले गलती की है, तो आपको दोबारा साबित करना होगा कि आप सुरक्षित गाड़ी चला सकते हैं। मंत्रालय, मोटर वाहन अधिनियम में बदलाव करने की सोच रहा है, इसका मकसद सड़कों को सुरक्षित बनाना है। सरकार ने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि लोग बच्चों के साथ गाड़ी चलाते समय नियमों का ध्यान नहीं रखते। स्कूल बसें भी अक्सर नियम तोड़ती हैं। जुमार्ना बढ़ने से लोग डरेंगे और नियमों का पालन करेंगे। इससे सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि सिर्फ नियम बनाने से कुछ नहीं होगा। अगर नियमों को ठीक से लागू नहीं किया गया, तो यह भ्रष्टाचार का एक और तरीका बन सकता है। मंत्रालय ने इंश्योरेंस प्रीमियम को भी ड्राइवरों के व्यवहार से जोड़ने का प्रस्ताव रखा है। इसका मतलब है, जो ड्राइवर अच्छे से गाड़ी चलाएंगे, उन्हें इंश्योरेंस प्रीमियम में छूट मिल सकती है। यह एक अच्छा प्रोत्साहन है, जो लोग सुरक्षित गाड़ी चलाते हैं, उन्हें इसका फायदा मिलेगा। इन सभी बदलावों का मकसद यही है कि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सड़कें सुरक्षित रहें। सरकार चाहती है कि लोग अपनी जिम्मेदारी समझें और दूसरों की जान की परवाह करें। सड़क सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। हालांकी कुछ एक्सपर्ट ने सवाल खड़ा किया है कि नए प्रस्ताव के तहत कैमरे कैसे पहचानेंगे कि कार की पिछली सीट पर कोई नाबालिग बैठा है या नहीं? और क्या पुलिस वाले गाड़ियों को रोककर अंदर बैठे लोगों की उम्र चेक करेंगे? कानून बनाते समय हम पूरे भारत के बारे में नहीं सोचते, बल्कि सिर्फ दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बड़े शहरों के बारे में सोचते हैं। इसका मतलब है कि नियम बनाना आसान है, लेकिन उन्हें लागू करना मुश्किल है।

## बांग्ला भाषा और बंगाली अस्मिता को मुद्दा बनाएगी ममता बनर्जी



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के साथ पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एक नया चुनावी मुद्दा तैयार कर लिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अगले वर्ष अप्रैल और मई माह में हो सकते हैं। जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी को सत्ता से हटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी अभियान चला रही है। उसका विरुद्ध अब ममता बनर्जी ने शहीद दिवस की रैली के माध्यम से चुनावी अभियान का शंखनाद पश्चिम बंगाल के धर्मतल्ला से कर दिया है। देशभर में जिस तरह बांग्ला भाषियों को बांग्लादेश का नागरिक और रोहिंग्या बताया जा रहा है। देश के अन्य राज्यों में जिस तरह से बंगालियों की एक नई पहचान भाषा के आधार पर बनाई जा रही है। उसको देखते हुए अब ममता बनर्जी ने बांग्ला अस्मिता को एक बड़ा मुद्दा बना दिया है। प्रवासी बांग्ला भाषी के नाम प? जिस तरह से बंगालियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। वह पश्चिम बंगाल के साथ-साथ असम मिजोरम एवं अन्य राज्यों के साथ-साथ बिहार, दिल्ली इत्यादि राज्यों में बांग्ला भाषियों को अपमानित करने का जो काम किया जा रहा है।

# सावन शिवरात्रि : महादेव को प्रसन्न करने का परम अवसर

## जानें व्रत, पूजा विधि और मुहूर्त का संपूर्ण विवरण



चेतना मंच

*आज सम्पूर्ण भारतवर्ष में सावन माह की शिवरात्रि पूरे भक्तिभाव, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। यह दिन भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित सबसे विशेष तिथियों में से एक मानी जाती है। सावन की शिवरात्रि, महाशिवरात्रि के समान ही महत्व रखती है, लेकिन इसे सावन मास में शिव को रिझाने का सबसे उत्तम दिन माना गया है।*

*हिंदू पंचांग के अनुसार, कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को शिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है, और जब यह तिथि श्रावण मास में आती है तो इसका आध्यात्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। यही कारण है कि आज देशभर के शिवालयों में श्रद्धालु रुद्राभिषेक, मंत्रोच्चार और रात्रि जागरण के साथ भोलेनाथ को प्रसन्न करने में जुटे हैं।*

### सावन शिवरात्रि की तिथि और मुहूर्त

**चतुर्दशी तिथि आरंभ : 23 जुलाई, सुबह 4.39 बजे**
**चतुर्दशी तिथि समाप्त: 24 जुलाई, देर रात 2.28 बजे**
**निशिता काल पूजा मुहूर्त : 23 जुलाई, रात 12.07 से 12.48 तक**
**व्रत पारण का समय : 24 जुलाई, प्रात: 5.27 बजे से**

### चार प्रहर में की जाती है शिव पूजा

शिवरात्रि की पूजा रात्रि के चार प्रहरों में की जाती है, जिनका विशेष आध्यात्मिक महत्व है :

प्रथम प्रहर : शाम 6.59 से रात 9.36 बजे तक
द्वितीय प्रहर : रात 9.36 से 12.13 बजे तक
तृतीय प्रहर : रात 12.13 से 2.50 बजे तक
चतुर्थ प्रहर : रात 2.50 से प्रात: 5.27 बजे तक

हर प्रहर में अलग-अलग पूजन सामग्री, मंत्रोच्चार और भक्ति के भाव से भगवान शिव को प्रसन्न किया जाता है।



### श्रद्धा का पर्व आस्था का जश्न

देश के प्रमुख शिव मंदिरों में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, बाबा बैद्यनाथ, त्र्यंबकेश्वर, महाकालेश्वर और अमरनाथ समेत सभी शिवधामों में भक्ति का जनसागर उमड़ा हुआ है। भक्तजन घंटों कतार में खड़े होकर 'हर हर महादेव' के जयघोष के साथ भगवान शिव के दर्शन कर रहे हैं।

### पूजा विधि : शिव को रिझाने का संपूर्ण तरीका

- ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करें, शुद्ध वस्त्र धारण करें और मंदिर को स्वच्छ करें।
- व्रत का संकल्प लें और शिवलिंग का गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी, शक्कर और गंगाजल से रुद्राभिषेक करें।
- पूजा में बेलपत्र, भस्म, भांग, धतूरा, सफेद फूल, चंदन, धूप, दीप और फल अर्पित करें।
- 'नम: शिवाय' और 'महामृत्युंजय मंत्र' का जाप करें।
- रात्रि में जागरण करें और भजन-कीर्तन में लीन रहें।
- अगली सुबह 24 जुलाई को प्रात: 527 बजे के बाद व्रत का पारण करें।



### धार्मिक मान्यता और महत्व

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, सावन शिवरात्रि का व्रत करने से न केवल भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि विवाह, संतान, रोग, कर्ज और शत्रु बाधाओं से मुक्ति भी मिलती है। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन शिव और पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए यह दिन युवतियों के लिए उत्तम वर प्राप्ति हेतु और विवाहित महिलाओं के लिए सौभाग्य वृद्धि के रूप में भी मनाया जाता है।

### महामृत्युंजय मंत्र

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽ मृतात॥

इस मंत्र का जाप रात्रि जागरण के दौरान विशेष फलदायी माना जाता है। यह मृत्यु भय, रोग और जीवन के संकटों को दूर करता है।

### क्या न करें शिवरात्रि पर?

शिव पूजा में तुलसी, केतकी और लाल फूल न चढ़ाएं।
व्रत के दौरान नमक, तामसिक भोजन, प्याज-लहसुन से परहेज करें।
रात्रि जागरण न कर सकें तो कम से कम चारों प्रहरों की पूजा अवश्य करें।

# सावन में शिवरात्रि क्यों मनाई जाती है?

**सावन का पवित्र महीना 9 अगस्त तक चलेगा और इस दौरान महादेव की विशेष आराधना होती है। इस महीने में शिवरात्रि भी पड़ती है, जिसे लोग अक्सर महाशिवरात्रि समझ लेते हैं। लेकिन सावन शिवरात्रि और महाशिवरात्रि दोनों में बहुत अंतर होता है।**




सावन माह हिंदू कैलेंडर का पांचवां महीना होता है, जो कि देवों के देव महादेव की आराधना के लिए समर्पित है। सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू हुआ था जो कि 9 अगस्त तक चलेगा। इस माह में शिवरात्रि का पर्व बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, हर साल सावन के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर सावन शिवरात्रि मनाई जाती है और इसी दिन कांवड़ यात्रा के जल से भोलेनाथ का अभिषेक किया जाता है। चलिए आपको इस लेख में बताते हैं कि सावन शिवरात्रि क्यों मनाई जाती है और इसका महत्व क्या है।

**सावन की शिवरात्रि 2025 कब है?**

वैदिक पंचांग के मुताबिक, सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 23 जुलाई को सुबह 4÷39 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 24 जुलाई को देर रात 2÷28 मिनट पर होगा। ऐसे में सावन शिवरात्रि 23 जुलाई मनाई जाएगी।

**सावन माह में शिवरात्रि क्यों मनाई जाती है?**

पौराणिक मान्यता के अनुसार, सावन के महीने में भगवान शिव ने समुद्र मंथन के दौरान निकले विष का महादेव ने पान किया था। कहते हैं कि इस विष से महादेव का गला जलने लगा और नीला पड़ गया। भोलेनाथ का गला नीला पड़ते देख सभी देवी-देवताओं ने महादेव का जल और दूध आदि से अभिषेक किया था। इस हलाहल विष पीने के कारण ही भगवान शिव को नीलकंठ कहा जाता है।

**सावन में भोलेनाथ को जल क्यों चढ़ाया जाता है?**

जिस दिन महादेव ने विष पिया और देवी-देवताओं ने उनका अभिषेक किया, उस दिन सावन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि थी। इसी वजह से इस दिन को सावन शिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है और भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। सावन शिवरात्रि के दिन अविवाहित कन्याएं भगवान शिव जैसे आदर्श पति की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। वहीं, विवाहित महिलाएं सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए सावन शिवरात्रि का व्रत करती हैं।

अन्य धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन शिवरात्रि भगवान शिव और देवी पार्वती के विवाह का प्रतीक है। कहते हैं कि सावन में देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर व्रत और प्रार्थना की थी, जिसके बाद भगवान शिव उनसे विवाह करने के लिए राजी हो गए। इसलिए सावन शिवरात्रि उन अविवाहित महिलाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जो एक अच्छे पति की कामना करती हैं।

# बांके बिहारी मंदिर में घंटी क्यों नहीं बजाई जाती है?

**वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में दूर-दूर से लाखों भक्त दर्शन करने के लिए आते हैं। इस मंदिर की एक ऐसी खासियत है, जो कि इसे अन्य मंदिरों से अलग बनाती है। दरअसल, बांके बिहारी मंदिर में घंटी नहीं बजाई जाती है। इस लेख में हम आपको बताएंगे इसके पीछे की वजह।**



बांके बिहारी मंदिर मंदिर भगवान कृष्ण को समर्पित है और भक्तों के बीच एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। इस मंदिर से कई रहस्य जुड़े हुए हैं, जिनमें से एक रहस्य ये भी है कि इस मंदिर में एक भी घंटी नहीं है और न ही बांके बिहारी के हाथों में बांसुरी है।

अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जब सभी मंदिरों में घंटी होती है, तो आखिर बांके बिहारी मंदिर में घंटी क्यों नहीं है। ऐसे में चलिए आपको इस लेख में बताते हैं कि बांके बिहारी मंदिर में घंटी क्यों नहीं बजाई जाती है। बांके बिहारी मंदिर में घंटी न होने का मुख्य कारण है कि यहां भगवान कृष्ण को बाल स्वरूप में पूजा जाता है। ऐसा माना जाता है कि घंटियों की तेज आवाज उन्हें परेशान कर सकती है, इसलिए मंदिर में घंटी नहीं है। बांके बिहारी मंदिर के प्रति भक्त और पुजारी बहुत सम्मान रखते हैं और मानते हैं कि उन्हें शांति और आराम की आवश्यकता है, इसलिए इस मंदिर में घंटियां नहीं हैं और न ही यहां घंटी बजाई जाती है।

बांके बिहारी मंदिर में घंटी न बजाने की यह परंपरा बहुत समय से चली आ रही है, जिसका आज भी पालन किया जाता है। इसी वजह से बांके बिहारी मंदिर में मंगला आरती भी रोजाना नहीं की जाती है।

धार्मिक मान्यता है कि बांके बिहारी लाल को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसलिए मंदिर में घंटा, घंटी, घड़ियाल नहीं बजाए जाते हैं। कहते हैं कि अगर भगवान के समक्ष ये सभी यंत्र बजाए जाएंगे तो ठाकुर जी को परेशानी हो सकती है।

# सावन में काल सर्प दोष को दूर करने के लिए क्या करें? लक्षण और उपाय

**ज्योतिष शास्त्र में काल सर्प दोष को बेहद खतरनाक योग माना गया है। ऐसी मान्यता है कि जिस व्यक्ति की कुंडली में यह दोष होता है, उससे जीवन में काफी संघर्ष करना पड़ता है। हालांकि, आप सावन में कुछ उपाय करके काल सर्प दोष से मुक्ति पा सकते हैं।**




ज्योतिष शास्त्र में कुछ दोषों को बहुत ही हानिकारक माना गया है, जिनमें से एक है काल सर्प दोष। कहते हैं कि जिस व्यक्ति की कुंडली में काल सर्प दोष होता है, तो उसे जीवन में बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर सही समय पर इस दोष का निवारण नहीं किया जाए, तो व्यक्ति मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित होता है। ऐसे में काल सर्प दोष को दूर करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, सावन में कुछ आसान उपायों को करके आप काल सर्प दोष से छुटकारा पा सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं सावन में काल सर्प दोष के लिए क्या उपाय हैं।

**काल सर्प दोष क्यों लगता है?**

कुंडली में काल सर्प दोष मायावी ग्रह राहु और केतु के चलते लगता है। ज्योतिष के मुताबिक, काल सर्प दोष तब बनता है जब कुंडली में सभी ग्रह राहु और केतु के बीच आ जाते हैं, जिससे एक सर्प जैसा आकार बनता है। यह बहुत अशुभ योग माना जाता है, जिसके कारण व्यक्ति को जीवन में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**काल सर्प दोष के लक्षण**

कुंडली में काल सर्प दोष व्यक्ति के जीवन में कई तरह की बाधाएं और परेशानियां ला सकता है। काल सर्प के दोष में बुरे सपने आना, मानसिक तनाव, नौकरी और व्यापार में समस्याएं, वैवाहिक जीवन में कलह और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आदि शामिल हैं।

**सावन में काल सर्प दोष के लिए क्या उपाय हैं?**

सावन के महीने में काल सर्प दोष के निवारण के लिए कई तरह के लाभकारी उपाय बताए गए हैं जो कि इस प्रकार हैं-

**भगवान शिव की पूजा**- सावन के सोमवार को भगवान शिव की पूजा करें और उन्हें चांदी या पंच धातु का नाग-नागिन का जोड़ा चढ़ाएं।

**महामृत्युंजय मंत्र का जाप**- सावन में काल सर्प दोष से मुक्ति के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना चाहिए।

**नाग स्तोत्र**- सावन में नाग स्तोत्र का पाठ करने से भी काल सर्प दोष से छुटकारा मिलता है।

**नाग पंचमी**- सावन में नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करें और उन्हें दूध और लावा चढ़ाना चाहिए।

**रुद्राभिषेक**- सावन के महीने में काल सर्प दोष के लिए महादेव का रुद्राभिषेक करना बहुत शुभ माना जाता है।

**काल सर्प दोष शांति पूजा**- सावव में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग में काल सर्प दोष शांति पूजा करवानी चाहिए।

**शिवलिंग पर अभिषेक**- सावन में शिवलिंग पर गंगाजल और काले तिल मिलाकर अभिषेक करना चाहिए।

**दान**- काल सर्प दोष दूर करने के लिए सावन के महीने में गरीबों को काले कपड़े, छाता और जूते-चप्पल दान करें।

**हनुमान चालीसा**- काल सर्प दोष से मुक्ति के लिए सावन में रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए।

# बचत की तार्किकता

एक बार शाम के समय प्रसिद्ध लेखक जॉन मूर अपने अध्ययन कक्ष में बैठे, दो मोमबत्तियां जलाकर लेखन कार्य उमें लगे हुए थे। तभी उनके द्वार पर दस्तक हुई। बाहर दो महिलाएं खड़ी थीं। वे किसी कार्य के लिए चंदा लेने आई थीं। जॉन मूर ने उनसे बातचीत करने से पहले, धीरे से उन दो में से एक मोमबत्ती बुझा दी। यह देखकर दोनों महिलाएं मन ही मन सोचने लगीं, 'यहां से चंदा मिलना तो मुश्किल है। जो व्यक्ति हमारे आने पर एक दीपक बुझा रहा है, उसके पास भला पैसे कहां होंगे?'

उन्होंने साहस कर अपना उद्देश्य बताया और चंदे की बात की। जॉन मूर ने बिना किसी संकोच के तुरंत उन्हें 100 डॉलर दे दिए। यह देखकर महिलाएं आश्चर्यचकित रह गईं। उन्होंने कहा, 'हमने तो सोचा था कि आप हमें कुछ नहीं देंगे। जब आपने मोमबत्ती बुझाई, तो हमें लगा कि आप बहुत मितव्ययी हैं। किंतु आपने तो हमारी सोच ही बदल दी!'

जॉन मूर मुस्कुराते हुए बोले, 'आपको यह 100 डॉलर देने में मैं इसलिए सक्षम हूं, क्योंकि मैं अनावश्यक खर्च से बचता हूं।

आपसे बातचीत के लिए एक मोमबत्ती का प्रकाश पर्याप्त था, दूसरी को जलाकर ऊर्जा और साधन दोनों की बर्बादी होती। बूंद-बूंद से घड़ा भरता है — और छोटी-छोटी बचत से ही बड़ी पूंजी बनती है।'

उन दोनों महिलाओं को वहां से न केवल अपेक्षित चंदा मिला, बल्कि जीवन भर याद रहने वाली एक सीख भी मिली — बचत का महत्व समझ में आ गया।'



# आर. माधवन ने ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा जोनास की सराहना की



प्रसिद्ध अभिनेता आर. माधवन ने हॉलीवुड सुपरस्टार और ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा जोनस की हालिया फ़िल्म हेड्स ऑफ स्टेट की रिलीज़ के बाद उनकी खुलकर सराहना की है। यह एक एक्शन-कॉमेडी फ़िल्म है, जो अब प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। सिद्धार्थ कन्नन को दिए एक इंटरव्यू में माधवन ने प्रियंका की भूमिका और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी सफलता के प्रभाव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, वो बिना किसी शोर-शराबे के वहाँ गईं और इतनी बड़ी हॉलीवुड फ़िल्म में मुख्य भूमिका अपने नाम कर ली। उन्होंने फ़िल्म में एक्शन भी किया है – और मुझे लगता है कि भारत के आधे हीरो उस जगह पर होना चाहेंगे जहाँ आज प्रियंका हैं।

माधवन ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इतनी बड़ी अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म में प्रियंका ने जिस सहजता से अपनी जगह बनाई है, वह क़ाबिल-ए-तारीफ़ है। हेड्स ऑफ स्टेट में प्रियंका के साथ इद्रिस एल्बा और जॉन सीना जैसे नामचीन कलाकार भी हैं। प्रियंका इस फ़िल्म में स्ट्ठ6 एजेंट नोएल बिसेट का किरदार निभा रही हैं - जिसमें उन्होंने ज़बरदस्त एक्शन सीक्वेंस और स्क्रीन पर अपनी दमदार उपस्थिति दोनों से दर्शकों को समान रूप से प्रभावित किया है। फ़िल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है, और कई लोग इस बात की तारीफ़ कर रहे हैं कि प्रियंका ने एक ऐसा ज़ोनर पूरी ताक़त से संभाला है, जिसमें आमतौर पर पुरुष प्रधान भूमिकाएँ होती हैं। माधवन ने कहा, मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं – जैसे वो हैं, जैसे उन्होंने खुद को संभाला है, और उनके अभिनय का। मुझे उन पर बहुत गर्व है। उन्होंने न सिर्फ़ प्रियंका की परफ़ॉर्मेंस की तारीफ़ की, बल्कि उनके वर्षों की मेहनत और निरंतरता को भी सराहा। प्रशंसा में और इज़ाफ़ा करते हुए, कॉमेडियन और लेखिका ज़रना गर्ग ने माधवन के इस बयान को लेकर एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, एक ब्राउन लड़का जो सच्ची बातें बोलता है – उसकी सराहना करें। क्वांटिको से लेकर सिटाडेल और अब हेड्स ऑफ़ स्टेट तक, सोलो अंतर्राष्ट्रीय पोस्टरों से लेकर हॉलीवुड के दिग्गजों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने तक, प्रियंका चोपड़ा जोनास दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर दक्षिण एशियाई टैलेंट का प्रतिनिधित्व आत्मविश्वास, उद्देश्य और गरिमा के साथ कर रही हैं।



# एपी संग काम करने का अनुभव काफी शानदार रहा

एपी ढिल्लन ने गायिका श्रेया घोषाल और अभिनेत्री तारा सुतारिया के साथ मिलकर गाना थोड़ी सी दारू तैयार किया है। तारा ने बताया है, कि को-एक्टर के साथ काम करने का अनुभव बेहद खास रहा है। तारा ने बताया, जब मैंने पहली बार यह गाना सुना था, तो मैं इसकी दीवानी हो गई थी। यह एक मजेदार गाना है और एपी के रिकॉर्ड में मैंने जो पहले सुना था, उससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने आगे कहा, एपी के साथ शूट काफी मजेदार था, शूट का माहौल काफी हल्का और खुशनुमा था। हमने शूटिंग के दौरान खूब मस्ती की, जिस वजह से शूटिंग काफी अच्छी तरह से हो गई। अभिनेत्री ने गायिका श्रेया घोषाल की भी तारीफ करते हुए कहा, इस साल फिर से श्रेया मैम की आवाज पर एक्ट करना मेरे लिए बहुत खुशी और सम्मान की बात है। उनकी आवाज ने इस गाने को और भी निखार दिया है। मुझे उम्मीद है कि फैंस इसे उतना ही पसंद करेंगे, जितनी हमने इसे बनाने में मेहनत की है। गाने के बारे में एपी ढिल्लन ने कहा, मैं हमेशा से नए तरह के संगीत और वाइब्स के साथ काम करना पसंद करता हूं और इस गाने में श्रेया घोषाल के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। उनकी आवाज ने गाने को और मधुर बना दिया है, वहीं गाने में तारा ने गाने में और भी आकर्षण भर दिया। ढिल्लन ने कहा, वह उस माहौल को समझ गई, जिसे हम दर्शकों को दिखाना चाहते थे, जिसके बाद आसानी से वह कहानी का अहम हिस्सा बन गई। गायिका श्रेया घोषाल ने गाने में अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, जब उन्होंने यह गाना पहली बार सुना, तो वह इस गाने में काम करने के लिए उत्साहित हो गईं। उन्होंने आगे कहा, एपी दिल से गाते हैं, और इसी वजह से यह गाना और भी बेहतरीन बन गया। स्टूडियो में हमारी कैमिस्ट्री काफी अच्छी थी, मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इस गाने से जुड़ाव महसूस करेंगे।

# मैं बिग बॉस कभी नहीं करने वाली... डेजी शाह ने अटकलों पर लगाया फुल स्टॉप



डेजी शाह को लेकर खबर आ रही थी कि वो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले शो बिग बॉस 19 में हिस्सा लेंगी, लेकिन उन्होंने अब इन खबरों को लेकर अपना रिएक्शन दिया है। मालूम हो कि डेजी ने सलमान की जय हो में काम किया है। बॉलीवुड की एक्ट्रेस डेजी शाह क्या सलमान खान के शो बिग बॉस 19 में नजर आएंगी? पिछले कई दिनों से ऐसी खबरें सामने आ रही थी कि वो इस रिएलिटी शो का हिस्सा बनने वाली हैं, लेकिन अब जय हो फिल्म की एक्ट्रेस ने इन खबरों को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। डेजी शाह ने बिग बॉस 19 में शामिल होने की अटकलों पर विराम लगाते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभ अफवाहों पर विराम लगाते हुए। मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं। शायद कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मालूम हो कि डेजी शाह के फैन अकाउंट्स तो ये भी अनुमान लगा रहे थे कि वो पहले से ही निर्माताओं से बातचीत कर रही हैं। हालांकि, अब उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि उनका ऐसा कोई इरादा नहीं है।

### डेजी शाह की फिल्में और रिएलिटी शोज

डेजी को पिछली बार स्टंट बेस्ड रिएलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 में देखा गया था। शिव ठाकरे के साथ उनकी दोस्ती को काफी पसंद किया गया था। उनकी फिल्मों की बात करें तो डेजी ने हिंदी के साथ-साथ कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है।




# हर किरदार कुछ नया सबक देता है इन दिनों मैं कार चलाना सीख रही हूं

अभिनेत्री कनिका मान अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए कार चलाना सीख रही हैं। अनटाइटल्ड फिल्म को लेकर उत्साहित कनिका का मानना है कि हर किरदार कुछ नया सिखाता है। फिल्म में उनके किरदार के लिए सड़क पर कुछ महत्वपूर्ण सीन्स की शूटिंग करनी है। कनिका ने कहा, मेरा हमेशा से मानना है कि हर किरदार आपको कुछ नया सिखाता है। इस बार यह कार चलाना है! उन्होंने आगे बताया, कभी-कभी यह डरावना लगता है, लेकिन गाड़ी चलाना और यह जानना कि मैं यह अपनी फिल्म के लिए सीख रही हूं, जो मेरे दिल के बहुत करीब है, बेहद रोमांचक है। मुंबई की व्यस्त सड़कों और बारिश के बावजूद कनिका नियमित रूप से ड्राइविंग सीख रही हैं। उनकी लगन और उत्साह उनके किरदार के प्रति समर्पण को दिखाते हैं। कनिका को टीवी धारावाहिक 'गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा' में गुड्डन जिंदल और गुड्डन बिड़ला के दोहरे किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के रूप में की और कई पंजाबी म्यूजिक वीडियो में नजर आईं। साल 2017 में उन्होंने पंजाबी फिल्म 'रॉकी मेंटल' से शुरुआत की थी, जिसमें उनके साथ अभिनेता धीरज कुमार मुख्य किरदार में थे। साल 2018 में कनिका ने कन्नड़ फिल्म 'बृहस्पति' से डेब्यू किया और उसी साल पंजाबी फिल्म 'दाना पानी' में माघी का किरदार निभाया। टीवी पर उनकी शुरुआत बढ़ो बहू से हुई, जहां वह प्रिंस नरूला के साथ तितली के किरदार में नजर आई थीं। साल 2018 से 2020 तक वह 'गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा' में निशांत सिंह मल्कानी के साथ दिखीं। कनिका साल 2021 में पंजाबी फिल्म 'अमेरिका माय ड्रीम' में दिखीं। 2022 में कनिका ने वेब सीरीज 'रूहानियत' से डिजिटल डेब्यू किया, जिसमें उनके साथ अभिनेता अर्जुन बिजलानी मुख्य भूमिका में थे। उसी साल वह रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ट शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 12वें सीजन में दिखीं। कनिका, हाल ही में वह पंजाबी फिल्म 'जॉम्बीलैंड' में नजर आईं, जिसमें उनके साथ बिन्नू ढिल्लों, अंगीरा धर, जी खान गुरी, धनवीर सिंह और जस्सा ढिल्लों भी हैं। यह फिल्म भारत की पहली पंजाबी जॉम्बी कॉमेडी (जॉम-कॉम) के रूप में चर्चित है, जिसे लेखक-निर्देशक थापर ने बनाया।



# विष्णु मांचु रावण के नजरिए से बनाएंगे रामायण, आलिया होंगी सीता तो राम बनेंगे सूर्या





निर्देशक नितेश तिवारी की रामायणम की चर्चा है। विष्णु मांचू रामायण पर फिल्म बना रहे हैं, जो रावण के नजरिए से होगी। विष्णु ने सूर्या को राम और आलिया भट्ट को सीता के रोल के लिए चुना है। विष्णु ने 2009 में इस बारे में सोचा था, पर बजट की वजह से फिल्म नहीं बन पाई।

डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म रामायणम चर्चा में है। इसका हाल ही में फर्स्ट लुक आउट हुआ था, जिसमें रणबीर कपूर और यश की झलक देखने को मिली थी। अब एक्टर विष्णु मांचू ने एक इंटरव्यू में एक खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि वह रामायण पर आधारित एक मैथोलॉजिकल प्रोजेक्ट की प्लानींग कर रहे हैं। लेकिन ये राम और सीता के एंगल से नहीं, बल्कि रावण के दृष्टिकोण से होगा। और इसमें वह किसे कास्ट करेंगे, इसका भी जिक्र किया है। विष्णु मांचू ने नयनदीप रक्षित के यूट्यूब चैनल पर दिए इंटरव्यू में बताया कि उनके पास पूरी तरह से तैयार एक स्क्रिप्ट है, जिसमें रावण के जन्म से उसकी मृत्यु तक के सफर को दिखाया गया है। जब एक्टर से सवाल किया गया कि वह किन्हें कौन-सा किरदार देंगे तो उन्होंने जवाब दिया, भगवान राम के रोल के लिए मेरे दिमाग में सबसे पहले एक्टर सूर्या का नाम आता है। वहीं माता सीता के रोल में वह आलिया भट्ट को देखते हैं।

### विष्णु मांचु की फिल्म में मोहन बाबू रावण बनेंगे

विष्णु मांचु ने बताया कि उनके मन में ये ख्याल 2009 में ही आया था, और उन्होंने सूर्या से इस बारे में बात भी की थी, लेकिन बजट मेरे हिसाब का नहीं होने के कारण, ये बन नहीं पाई। फिल्म के डायरेक्टर राघवेंद्र राव होने वाले थे, जो कि फेमस फिल्म प्रोड्यूसर हैं। मेरे पिता (मोहन बाबू) रावण का रोल करने वाले थे। मेरे पास इसकी स्क्रिप्ट और डायलॉग्स तैयार हैं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मैं इसे कभी बना पाउंगा या नहीं।

### सत्यराज जटायु और जूनियर एनटीआर लक्ष्मण का रोल करेंगे

कनप्पा एक्टर विष्णु मांचू ने बताया कि वह फिल्म में हनुमान जी का रोल करना चाहते थे। लेकिन डायरेक्टर राघवेंद्र नहीं चाहते थे कि वह इस रोल को निभाएं क्योंकि उन्होंने विष्णु को भगवान इंद्रजीत के रोल में देखा था। मगर एक्टर चाहते हैं कि सूर्या के भाई कार्थी ही इंद्रजीत का रोल करें। उन्होंने इंटरव्यू में आगे बताया कि जूनियर एनटीआर के भाई कल्याण राम को लक्ष्मण और दिग्गज एक्टर सत्यराज को जटायु की भूमिका में लिया जाए।



# डॉन 3 में करणवीर मेहरा बनेंगे विलेन? विक्रांत मैसी के जाने से मची उठापटक

अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान के बाद रणवीर सिंह डॉन के अगले पार्ट यानी डॉन 3 में दिखाई देंगे। इस फिल्म का ऐलान काफी समय पहले किया गया था। बस कास्टिंग में आए दिन बदलाव सुनने को मिलते हैं। बीते दिन जहां कियारा आडवाणी की जगह कृति सेनन ने ले ली थी। वहीं, अब इसमें करणवीर मेहरा की एंट्री की खबर है। बताया जा रहा है कि वह इसमें खलनायक की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने किस एक्टर की जगह ली है, आइए बताते हैं। अमिताभ बच्चन की सुपरहिट फिल्म डॉन के बाद शाहरुख खान को दो बार डॉन बनने का मौका दिया गया था। मगर अब रणवीर सिंह ने उनकी जगह ले ली है। फैंस उन्हें देखने के लिए एक्साइटेड हैं। वह इस विरासत को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। बीच में खबर आई थी कि आंखों की गुस्ताखियां एक्टर विक्रांत मैसी इसमें विलेन के रोल में दिखाई देंगे। मगर उनके एग्जिट लेने के बाद मेकर्स ने उनका रिप्लेसमेंट खोजना शुरू कर दिया था।

### करणवीर मेहरा होंगे विलेन?


कुछ समय पहले खबर आई थी कि एक्टर विजय देवरकोंडा फिल्म में विलेन का रोल कर सकते हैं लेकिन कुछ भी फाइनल नहीं हो पाया। अब ढ्ढह्र की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने पुष्टि की है कि करणवीर मेहरा का नाम विलेन का रोल निभाने वालों की लिस्ट में सबसे आगे है। वह डॉन 3 में खलनायकी का तड़का लगा सकते हैं हालांकि अभी कुछ पक्का नहीं है। इस बारे में सोचा जा रहा है।

### डॉन 3 में रणवीर सिंह और कृति सेनन

डॉन 3 की शूटिंग फरहान 2026 में शुरू करेंगे। रणवीर सिंह के अपोजिट कृति सेनन नजर आएंगी। अब बस विलेन का नाम कंफर्म हो जाए तो फैंस का एक्साटमेंट लेवल और बढ़ जाएगा। करणवीर मेहरा के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने सलमान खान का शो बिग बॉस 18 जीता था। इसके अलावा, वह कुछ प्रोजेक्ट्स के साथ जुड़े हुए हैं।

# पवन कल्याण नहीं करेंगे 'हरि हर वीर मल्लु' का प्रचार

पवन कल्याण की आगामी फिल्म हरि हर वीर मल्लु का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब फिल्म निर्माताओं ने बताया है कि पवन कल्याण फिल्म का प्रचार नहीं करेंगे, जो उनके फैंस के लिए काफी निराशाजनक बात है। मेकर्स ने इसकी वजह भी बताई है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म के प्रचार से क्यों बनाई दूरी। हरि हर वीर मल्लु के निर्माताओं ने हाल ही में मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उनसे सवाल किया गया कि क्या अभिनेता पवन कल्याण फिल्म के दौरान मौजूद रहेंगे। इसके जवाब में मेकर्स ने कहा, कृपया फिल्म का आनंद लेने के लिए देखें, न कि सिर्फ गलतियां ढूंढ़ने के लिए। यह फिल्म दर्शकों के लिए बनाई गई है। पवन कल्याण अपनी अन्य चीजों में व्यस्त हैं और इसलिए वो हिंदी और अन्य भाषाओं में फिल्म का प्रचार नहीं करेंगे।' पवन कल्याण सिर्फ अभिनेता ही नहीं, बल्कि राजनेता भी हैं।



# कृषि क्षेत्र पूरी दुनिया का पेट भरने में सक्षम : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के 36वे स्थापना दिवस का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कृषि क्षेत्र ही एक ऐसा क्षेत्र है जो पूरी दुनिया के लोगों का पेट भर सकता है। कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। मैं उपकार और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक का आह्वान करता हूं कि अपना सौ फीसदी योगदान कृषि के अनुसंधान पर लगायें ताकि हमारा किसान खुशहाल हो सकें।

इस अवसर पर कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) की स्थापना वर्ष 1989 में एक स्वायत्तशासी संस्था के रूप में की गई थी। यह संस्था उत्तर प्रदेश में कृषि अनुसंधान, शिक्षा एवं प्रसार के सुदृढ़ीकरण हेतु निरन्तर कार्य कर किसानों की समृद्धि व खुशहाली के लिये कटिबद्ध है तथा किसानों को आधिकाधिक आर्थिक लाभ और राहत प्रदान करने एवं कृषि उत्पादन में प्रयासरत है।

## परिषद किसानों की समृद्धि व खुशहाली के लिये कटिबद्ध : कैप्टन विकास गुप्ता



उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा, शोध तथा प्रसार कार्यों का सुदृढ़ीकरण, प्रदेश की जनसंख्या की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता में सम्मिलित है।

कैप्टन विकास गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 5 राज्य कृषि विश्वविद्यालय (1 निर्माणाधीन), 01 पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय के साथ-साथ अन्य विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत कृषि महाविद्यालयों के साथ ही 89 कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 15 संस्थान भी कार्यरत हैं।

इन सभी संस्थाओं द्वारा कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। इन सभी संस्थाओं के मध्य समन्वय स्थापित करने तथा क्षेत्र विशेष की समस्याओं को चिन्हित करने, अल्प एवं दीर्घकालिक योजनाओं के निर्धारण आदि कार्यों के लिये उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) की स्थापना नोडल संस्था के रुप में की गई।

उपकार ने अपने 36 वर्ष के कार्यकाल में कृषि अनुसंधान के माध्यम से कई नये आयामों को स्पर्श करते हुए प्रदेश को नवीन किस्म एवं तकनीकें यंत्र विकसित करके दी हैं जिससे नि:संदेह कृषि उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने की। इसके अतिरिक्त, राज्यमंत्री (उद्यान) दिनेश प्रताप सिंह और राज्यमंत्री (कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान) बलदेव सिंह औलख विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

आयोजन में कृषि उत्पादन आयुक्त, प्रमुख सचिव (कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान), प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति, निदेशक (शोध व प्रसार), विभिन्न कृषि व संबंधित विभागों के निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के संस्थानों के निदेशक, उत्तर प्रदेश के कृषि विज्ञान केंद्रों के अध्यक्ष, एफपीओ प्रतिनिधि, और प्रदेश के प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

डॉ. ए.के. सिंह, कुलपति, आरएलबीसीएयू, झाँसी द्वारा 'बुंदेलखंड में कृषि की संभावनाएँ' पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डॉ. संजय सिंह, महानिदेशक, उपकार ने आयोजन में आये सभी अतिथियों व किसानों का आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर ने कावड़ियों का किया सम्मान



नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सचिव पुरुषोत्तम नागर, विजेंद्र सिंह मुंशी, शरदाराम प्रधान, त्रिलोक नागर,किसान नेता सुधीर चौहान, सुरेंद्र नागर, महकार तंवर, सूरज धामा, अजय धामा ने हरिद्वार से बिशनपुरा पवित्र जल लेकर आए कावड़ियों का गांव पहुंचने पर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया।

प्रदेश कांग्रेस सचिव पुरुषोत्तम नागर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु लाला नागर के साथ 18 शिव भक्त विशाल कावड़ लेकर आए। विशाल कावड़ लाने वालों में भीम तंवर, सौरभ भाटी ,अनिकेत तंवर, शुभम नागर, आशु नागर, मोहित तंवर, राहुल, विकास नागर, लाला तंवर आदि नागर, ऋषभ, अनिल शिवभक्त शामिल रहे।

# किसानों के लिए बिजली, यूरिया व डीएपी की किल्लत के खिलाफ प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। खरीफ की फसलों की बुआई के लिए समुचित बिजली की व्यवस्था की माँग व किसानों को यूरिया व डीएपी की किल्लत के खिलाफ और इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर जनपद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा तहसील सदर पर जोरदार प्रदर्शन कर उपजिला अधिकारी सुश्री चारुल यादव को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया ।




जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता डाढा गोलचक्कर पर एकत्रित होकर सदर तहसील पहुंचे प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में खरीफ की फसलों की बुआई का उपयुक्त समय चल रहा है मानसून की दस्तक पूरे देश में हो चुकी है परन्तु हमारे गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र में अभी तक सामान्य से भी कम वर्षा हुई है। किसान पूरी तरह से खेती के लिए वैकल्पिक सिंचाई साधनों पर आश्रित हैं।

नलकूप द्वारा सिंचित किये जाने वाले भूभाग का क्षेत्रफल जनपद में दो तिहाई से भी अधिक है। जनपद में बिजली की व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमराई हुई है। किसानों को बिजली नहीं मिल पा रही है, यह पूरी तरह से सरकार की नाकामी है। वहीं किसानों को यूरिया व डी0 ए0 पी0 की माँग और सप्लाई में सरकार की उदासीनता के कारण बहुत भारी अंतर है।

किसान कांग्रेस के जिला चेयरमैन गौतम अवाना ने प्रदर्शन के दौरान अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार पूरी तरह से पूंजीपतियों और उच्च व्यापारी वर्ग को समर्पित सरकार है।

प्रदर्शन में जिला अनुसूचित प्रकोष्ठ के चेयरमैन धर्म सिंह बाल्मीकि, महाराज सिंह नागर, गौतम अवाना, सूबेदार सतपाल सिंह, विजय नागर, नीरज लोहिया, रिजवान चौधरी, पुनीत मावी, गौतम सिंह, देवेश चौधरी, रूबी चौहान, तनवीर अहमद, अरुण भाटी, ओमकार सिंह राणा, अरविन्द रेक्सवाल, आर0 के0 प्रथम, किशन शर्मा, धरम सिंह बाल्मीकि, हरेन्द्र शर्मा, विपिन त्यागी, गौरव वसिष्ठ, सुबोध भट्ट, भूपेश शर्मा, धीरे सिंह, बिन्नू नेता जी, कृष्ण शर्मा, सचिन भाटी, सचिन जाटव, रोशन सिंह आदि कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने किया शनि मंदिर का दौरा

नोएडा (चेतना मंच)। जनपद गौतमबुद्धनगर में श्रावण मास के दौरान चलने वाले कांवड़ यात्रा को व्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा ने नोएडा स्थित श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर सेक्टर-14ए नोएडा का दौरा किया और मंदिर परिसर सहित आस-पास की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ मार्गों पर सुचारु यातायात, रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी सतर्कता के साथ दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी को कोई कठिनाई न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

मेडिकल कैंप के निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक दवाएं, प्राथमिक उपचार सामग्री और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी मौके पर उपलब्ध रहें।

जिलाधिकारी ने मंदिर समिति के प्रबंधकों से भी संवाद किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदोरिया, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दादरी में 'आप' ने चलाया हर घर संपर्क अभियान

नोएडा (चेतना मंच)। किसान प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अशोक कमांडो को दादरी विधानसभा और जेवर विधानसभा का प्रभारी बनने पर फूल माला पहनाकर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत।




गौतमबुद्धनगर की दादरी विधानसभा में आम आदमी पार्टी की एक अहम संगठनात्मक बैठक गाँव कठेरा में पार्टी कार्यकर्ता मोबीन खान के आवास पर सम्पन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करना, जनसमस्याओं पर संवाद स्थापित करना तथा 'हर घर संपर्क अभियान' को गति देना रहा। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने की।

जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने बैठक में कहा कि आम आदमी पार्टी आम जनता की पार्टी है और हमारा लक्ष्य है कि हर घर तक पहुँचकर जनता की समस्याओं को समझा जाए और उनके समाधान के लिए एक मजबूत आवाज़ खड़ी की जाए।

किसान प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष एवं दादरी विधानसभा और जेवर विधानसभा के प्रभारी अशोक कमांडो ने अपने संबोधन में कहा कि दादरी और जेवर जैसी महत्वपूर्ण विधानसभाओं की ज़िम्मेदारी पाकर मैं गौरवान्वित हूं। किसान प्रकोष्ठ के माध्यम से हम प्रदेशभर में किसानों की आवाज़ बुलंद कर रहे हैं।

बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव कैलाश शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलदार अंसारी,संगठन मंत्री प्रशांत रावत, जिला सचिव विजय श्रीवास्तव, जिला सचिव जीतू भाटी,कार्यकारिणी सदस्य सतीश गौतम,नोएडा विधानसभा सचिव विवेक कुमार,वरिष्ठ साथी उमेश पंडित,विवेक शर्मा, मोबीन खान,आशु खान,नसीम मलिक जावेद अंसारी, सलीम खान सहित सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें दादरी क्षेत्र के विभिन्न गांवों व वार्डों से जुड़े साथी शामिल हुए। सभी ने संगठन को मज़बूत करने और जनहित में संघर्ष को तेज़ करने का संकल्प लिया।

# मच्छरों से बचाव के लिए छिड़काव



नोएडा (चेतना मंच)। तापमान में उतार-चढ़ाव और बारिश के बीच मच्छरों का पनपना शुरू हो गया है। इसे देखते हुए सेक्टर-34 स्थित बी-3 अरावली अपार्टमेंट की आरडब्ल्यूए ने खुद ही मंगलवार को पूरे सोसायटी परिसर में छिड़काव कराया।

आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि 5 साल पूर्व आरडब्ल्यूए ने अपने फंड से एक एंटी लार्वा दवा का छिड़काव करने वाली मशीन खरीदी थी। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मलेरिया विभाग से नि:शुल्क दवा मंगवा ली है।

प्रत्येक तीन दिन के अंतराल पर आरडब्ल्यूए अपने कर्मचारियों के जरिए यहां छिड़काव करवाएगी। ताकि मच्छरजनित बीमारियों से बचाव किया जा सके।

# आवारा कुत्तों व साफ-सफाई को लेकर सौंपा पत्र

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टरों में दिन प्रतिदिन बढती आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर आज सेक्टर-112 व 118 के प्रतिनिधियों ने हेल्थ विभाग के सीनियर मैनेजर आर.के शर्मा से मुलाकात की। सेक्टर-112 के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि सेक्टर-112 में स्ट्रीट डॉग का आतंक बहुत ज्यादा बढ गया है अमूमन हर गली में 15-20 कुत्तों के झुंड आसानी से रोड पर/पेडों के नीचे लेटे दिखाई देते है जो कि पैदल चलने वाले पर अक्सर भौंकने लगते है, जिससे विशेषकर छोटे-बच्चे एवं बुजुर्गों को लेकर सभी सेक्टर वासी चिन्तित है।कई बार तो ये कुत्ते बाइक सवार लोगों पर भी हमलावर हो जाते है, सेक्टर-112,116,117 में इन आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर है कि लोग अपनी एवं परिवारजनों की सुरक्षा के लिए हाथ में डंडा लेकर चलते हैं।

# अकादमिक और शोध को बढ़ावा देगें एमिटी व यूके की यूनिवर्सिटी

नोएडा (चेतना मंच)। यूके के नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी और एमिटी विश्वविद्यालय के मध्य आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी (एनटीयू) ग्लोबल के निदेशक स्टीफन विलियम और एसोसिएट डायरेक्टर क्रिस क्रैबोट ने एमिटी विश्वविद्यालय का दौरा किया। नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी ग्लोबल के निदेशक स्टीफन विलियम ने संबोधित करते हुए कहा कि नोएडा के एमिटी विश्वविद्यालय में आना घर वापसी जैसा महसूस होता है। एमिटी और एनटीयू के आपसी सहयोग ने कई छात्रों को विकास की उंचाईयों पर पहुंचाया है और आज भी एनटीयू से आधुनिक भारत की संस्कृती, व्यापार, प्रबंधन आदि को सीखने आने वाले छात्रों के लिए प्रथम गंतव्य एमिटी विश्वविद्यालय होता है। छात्रों को वैश्विक अवसर प्रदान करना और वैश्वीकरण के महत्व को रेखांकित करना इसे विशिष्ट बनाता है।




एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिदर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी के साथ कई अन्य क्षेत्र जैसे कानून, मनोविज्ञान, इंजीनियरिंग आदि में विभिन्न कार्यक्रम जैसे डयूल डिग्री, छात्र भ्रमण संयुक्त अनुसंधान, सम्मेलन व कार्यशाला आदि पर विचार कर रहे है।

एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती ने कहा कि वर्तमान समय छात्रों के लिए नित नये अवसरों के द्वारा खोल रहा है ऐसे में छात्रों को वैश्विक अनावरण प्रदान करना आवश्यक है।

इस अवसर पर एमिटी लॉ स्कूल के चेयरमैन डा डी के बंद्योपाध्याय, इंटरनेशनल अफेयर डिविजन के डिप्टी डायरेक्टर जनरल रियल एडमिरल आलोक भटनागर आदि उपस्थित थे।



Yogi Adityanath
Chief Minister, Uttar Pradesh



Nand Gopal Gupta 'Nandi'
Minister of Industrial Development
Uttar Pradesh

Jaswant Saini
Minister of State for
Industrial Development
Uttar Pradesh

LIFETIME OPPORTUNITY FOR
INSTITUTIONAL PLOTS IN GREATER NOIDA



Scheme for Institutional Plots through e-Auction
Online Bidding Scheme Code: INS01/2025

SALIENT FEATURES
• Proximity to Noida International Airport • Easy access to Eastern & Western Dedicated Freight Corridors • Best planned city in NCR • Expressways providing excellent Multi-city Connectivity • Residential Sectors, Commercial Sectors, Educational Institutions in the Vicinity • World-class civic amenities

GNIDA announces e-Auction for the allotment of Institutional Plots, as per terms and conditions prescribed in the on-line brochure.

**How to Participate/Other details:** Interested parties will need to signup and obtain user ID and password on the portal **https://etender.sbi** as well as deposit documents. Processing Fee (Participation Fee) & EMD separately through online payments as per date mentioned in the online brochure.

The brochure containing details of Plots procedures, terms & conditions of e-Auction is available on our website **www.greaternoidaauthority.in** and the web portal **https://etender.sbi**.

It will be the sole responsibility of the bidder/participant to obtain a compatible computer terminal with internet connection to enable him/her to participate in the e-bidding process any reasons thereof. Authority reserve the right to accept or reject one or all the bids or cancel/postpone the e-auction without assigning any reason.

INSTITUTIONAL PLOTS SCHEME

| Sl. No. | Plot No. | Sector | Area of Plot (in Sqm.) | Use of Plots | Total Reserve Price (in ₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | H0-02 | MU | 10,005 | Hospital | ₹36,93,54,585/- |
| 2 | 5C | KP-5 | 22737.60 | Hospital | ₹57,94,88,594/- |
| 3 | HO-04 | OMICRON -1A | 4500 | Hospital | ₹19,30,14,000/- |
| 4 | 30 | KP-2 | 25852 | Hospital | ₹73,27,23,236/- |
| 5 | 206 | KP-5 | 4080 | Vocational Training/ educational Institute | ₹12,25,55,040/- |
| 6 | 214 | KP-5 | 2300 | Vocational Training/ educational Institute | ₹6,74,42,900/- |
| 7 | 85-86 | KP-5 | 4002 | Vocational Training/ educational Institute | ₹11,73,50,646 |
| 8 | 213 | KP-5 | 2060 | Vocational Training/ educational Institute | ₹6,33,53,240/- |
| 9 | 53/1 | KP-5 | 1500 | Vocational Training/ educational Institute | ₹4,61,31,000/- |
| 10 | 53/3 | KP-5 | 1065 | Vocational Training/ educational Institute | ₹ 3,27,41,420/- |

Note: The area of plot allotted may slightly vary at the time of handing over of the possession. The premium of the plot will proportionately vary due to such variation.

Plots clear from all encumbrances | Possession within 30 Days | Allotment will be made on "as is where is basis"

| Document Download Starts | Registration End Date & Time | Last Date of Registration, EMD, Processing Fee Deposit | Last Date of Final Submission of Documents | E-Auction Date & Time to be Notified Separately |
|---|---|---|---|---|
| 22-07-2025 \| 3:00 PM | 12-08-2025 \| 5:00 PM | 14-08-2025 \| 5:00 PM | 16-08-2025 \| 5:00 PM | |

For corrigendum/addendum, Please refer to website www.greaternoidaauthority.in
Don't miss the opportunity, please visit **One Map Greater Noida** for plots location details.

Greater Noida Industrial Development Authority
Plot No. 01, Knowledge Park-04, Greater Noida-201308, Distt.-Gautam Budh Nagar, (U.P.)
Helpline Center No.: 0120-2336046, 2336047, 2336048, 2336049
Ph.: 0120-2336030-33 | E-mail: authority@gnida.in | Website: www.greaternoidaauthority.in
Follow us on /OfficialGNIDA